卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 25 ♦अंक 53 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦29 नवम्बर 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444862
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## ब्रेक फेल होने से खाई में गिरा तेल से भरा टैंकर,हेल्पर की मौत

देवप्रयाग(उद संवाददाता)। टिहरी गढ़वाल के एक तेल का टैंकर हादसे का शिकार हो गया। देवप्रयाग में रघुनाथ होटल के पास तेल से भरा टैंकर अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरा। इस हादसे में हेल्पर की मौत हो गई। जबकि चालक गंभीर रूप से घायल है। जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। देवप्रयाग में गुरूवार देर रात बड़ा हादसा हो गया। मिली जानकारी के मुताबिक रघुनाथ होटल से आगे ट्रक के खाई में गिर गया। इसकी जानकारी आस-पास के लोगों ने पुलिस को दी। जिसके बाद रेस्क्यू के लिए टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। एसडीआरएफ की टीम ने खाई में उतरकर घायल टैंकर चालक और हेल्पर को रेस्क्यू कर अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने घायलों को लेकर बागी अस्पताल पहुंचा। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की हालत को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। इसके बाद दोनों घायलों को श्रीनगर बेस हॉस्पिटल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने हेल्पर को मृत घोषित कर दिया। जबकि चालक की हालत गंभीर बनी हुई है। चालक की पहचान वसीम पुत्र जब्बार निवासी भगवानपुर हरिद्वार उम्र 30 वर्ष के रूप में हुई है।( **शेष पेज सात पर** )



## नगर निकायों में हटाए जाएंगे सभी आउटसोर्स संविदाकर्मी

देहरादून(उद संवाददाता) नगर निकायों में स्वीकृत पदों के अलग भर्ती आउटसोर्स, संविदाकर्मी, दैनिक वेतन कर्मी हटाए जाएंगे। शहरी विकास विभाग ने इस पर कार्रवाई शुरू कर दी है। शासन ने एक सप्ताह में इसकी रिपोर्ट मांगी है। सचिव शहरी विकास नितेश झा की ओर से जारी आदेश के मुताबिक, शहरी विकास विभाग के 12 जून 2015 को पुनर्गठित ढांचे के स्वीकृत पदों से इतर किसी भी प्रकार की नियुक्ति नहीं की जा सकती।अगर किसी निकाय में स्वीकृत पदों से इतर शासन की अनुमति के बिना नियुक्ति की गई है तो यह अनियमित मानी जाएगी। इसे तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जाए।उन्होंने स्पष्ट किया कि पूर्व के शासनादेश के मुताबिक, अगर कार्मिकों की नियुक्ति निकायों ने अपने स्तर पर करते हुए अनियमित वेतन जारी किया है तो उसकी वसूली संबंधित शहरी निकाय के नियंत्रक या संक्षम प्राधिकारी से की जाएगी। सचिव शहरी विकास के मुताबिक, कार्मिक विभाग के 27 अप्रैल 2018 को जारी शासनादेश और शहरी विकास विभाग के आदेश के तहत निकायों में की गई अनियमित नियुक्तियां अवैध समझी जाएंगी। उन्होंने निदेशक शहरी विकास से सभी निकायों में इस पर कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह में रिपोर्ट मांगी है। कई निकायों में चेयरमैन के स्तर से कर्मचारियों को दैनिक वेतन, आउटसोर्स या संविदा पर भर्ती किया गया है। इन सभी की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त हो जाएंगी। वेतन जारी करने वाले अफसरों से वसूली भी होगी।

## तीन दिन से लापता युवक का शव मिलने से हड़कंप

रामनगर(उद संवाददाता)। शुक्रवार की सुबह ग्राम मलधन चौड के समीप ढेला बैराज के पास एक पुलिया में फंसा हुआ एक युवक का शव मिलने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलने पर मलधन चौड पुलिस चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे और उन्होंने पुलिया( **शेष पेज सात पर** )



## भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्टेशन अधीक्षक का घेराव

### रेलवे फाटक के दोनों और लगने वाले जाम से निजात दिलाने की मांग

खटीमा(उद संवाददाता)।भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने आज स्टेशन अधीक्षक खटीमा से मुलाकात कर रेलवे फाटक के दोनों और लगने वाले जाम से निजात दिलाने की मांग की। पूर्व व्यापार मंडल महामंत्री सतीश गोयल एवं भारतीय जनता पार्टी के नगर मंडल महामंत्री मनोज वाधवा के नेतृत्व में आज दर्जनों व्यापारियों एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने स्टेशन अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर स्टेशन अधीक्षक के माध्यम से भारत सरकार के रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को जाम की समस्या के निराकरण के लिए रेलवे पार्क से अंडर ब्रिज निर्माण करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौपा। ज्ञापन के माध्यम से स्थानीय निवासियों एवं व्यापारियों ने मांग की की रेलवे फाटक के दोनों ओर 10 मीटर तक डिवाइडर लगाए जाएं रेलवे पार्क की भूमि का उपयोग फल एवं ठेले लगाने वालों को करने की अनुमति दी जाए अंडर पास निर्माण कराया जाए। खतरा एवं एटा नाले के ऊपर से व्यापारियों को किसी प्रकार से हटाए बिना ओवरब्रिज का निर्माण करने की रूपरेखा तैयार की जाए एवं रेलवे फाटक के दोनों और खड़े होने वाले वाहनों जो अतिक्रमण एवं जाम लगते हैं को तत्काल प्रभाव से वहां से हटाया जाए। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के नगर महामंत्री मनोज वाधवा व्यापार मंडल के पूर्व महामंत्री सतीश गोयल ,कामिल खान, राहुल सक्सेना, लालजी गौड़,वंश सोनकर, मेहताब, राजा ठाकुर , अनुपम कुमार सिंह ,मनीष राणा, नीरज रस्तोगी महेन्द्र ठाकुर , मुन्ना आढ़ती ,एस सी मोर्चे के( **शेष पेज सात पर** )



## नशे की रोकथाम के लिए पांडे ने निकाली पदयात्रा

### नशे के खिलाफ भारी आक्रोश, पुलिस प्रशासन को दी चेतावनी,पदयात्रा में मुस्लिम समाज के लोग भी हुए शामिल

गदरपुर(उद संवाददाता)। दिनों दिन बढ़ते नशे की रोकथाम को लेकर क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडे द्वारा आज मजरा शीला पावर हाउस से लेकर सनातन ध र्म मंदिर बुध बाजार तक पैदल यात्रा निकाली गई। नशे के रोकथाम के लिए निकाली गई पद यात्रा में हजारों की संख्या में लोग एकजुट हुए वही बता दे कि इससे पूर्व 5 नवंबर को भी विधायक अरविंद पांडे द्वारा नशे के विरुद्ध गूलरभोज चक्की मोड़ से लेकर दिनेशपुर तक पैदल यात्रा निकाली जा चुकी है। इस दौरान अरविंद पांडे द्वारा कहा गया कि क्षेत्र में नशे का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है वही युवा पीढ़ी भी इसकी दलदल में धंसती जा रही है नशे की पूर्ति करने के लिए युवा पीढ़ी हत्या,चोरी व लूटपाट जैसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। आपको बता दें कि क्षेत्र में अवैध नशे का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है क्षेत्र की अधिकांश दुकानें, मेडिकल स्टोर,ढाबों व होटलो में अवैध नशे की सामग्री( **शेष पेज सात पर** )






## भारतीय बजरंग दल का विरोध प्रदर्शन

### बांग्लादेशी हिंदुओं की सुरक्षा केंद्र सरकार सुनिश्चित करे: डॉ महाजन

गदरपुर(उद संवाददाता)। बांग्लादेश में हिंदुओं पर लगातार हो रहे अत्याचार के विरोध में भारतीय बजरंग दल कार्यकर्ता व हिन्दू समाज के लोग आक्रोशित हो गए तथा उन्होंने नारेबाजी कर बांग्लादेश की सरकार के विरूद्ध प्रदर्शन किया। जानकारी के अनुसार भारतीय बजरंग दल कार्यकर्ता व हिन्दू समाज के लोग( **शेष पेज सात पर** )



## मांगों को लेकर अमेजन हॉकर्स ने किया धरना प्रदर्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अपनी विभिन्न मोंगों को लेकर आज हॉकर्स ज्वाइंट एक्शन कमेटी के बैनर तले अमेजन इंडिया वेयर हाऊस कर्मचारी और डिलीवरी चालकों ने स्टेट कॉर्डिनेटर योगेश सैनी के नेतृत्व में गांधी पार्क में धरना प्रदर्शन कर जिलाधिकारी कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। जिसमें ( **शेष पेज सात पर** )



## अधिकृत ढाबों पर ही रुकेंगी रोडवेज बसें

देहरादून(उद संवाददाता)। कई मार्गों पर रोडवेज की बसें केवल अधि कृत ढाबों पर ही रुकेंगी। अगर ड्राइवर-कंडक्टर ने मनमर्जी से बसें रोकी तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। महाप्रबंधक संचालन पवन मेहरा ने सभी सहायक महाप्रबंधकों को कड़ा पत्र जारी किया है। देहरादून-दिल्ली, देहरादून-नैनीताल, टनकपुर-देहरादून, देहरादून- हरिद्वार-अंबाला, चंडीगढ़-देहरादून, दिल्ली-नैनीताल, टनकपुर-दिल्ली मार्गों पर परिवहन निगम प्रबंधन ने ढाबे और रेस्टोरेंट अधिकृत किए हुए हैं। लेकिन, संज्ञान में आया है( **शेष पेज सात पर** )

# समस्याओं के समाधान के लिए रोड मैप बनायें अधिकारी : अमित शाह

देहरादून/मसूरी(उद संवाददाता)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री प्रशासन अकादमी (लबासना) में 99वें फाउंडेशन कोर्स के दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य शामिल हुए। इस दौरानउन्होंने कहा कि अधिकारियों का काम सरकार को रियेक्टिव (प्रतिक्रियाशील) नहीं बल्कि एक्टिव (सक्रिय) बनाना है। ताकि विकास को देश के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने युवा अधिकारियों को भविष्य में बेहतर काम करने के गुर भी बताए। उन्होंने कहा कि प्रगति वही कर सकता है जिसके अंदर अंतिम सांस तक छात्र बने रहने की भावना जिंदा रहती है। उन्होंने लबासना के मंच पर देश को नक्सलवाद से मुक्त करने के लक्ष्य को भी दोहराया। उन्होंने कहा कि 31 मार्च 2026 तक देश को नक्सलवाद से मुक्त कर दिया जाएगा। कहा कि आज यहां एक विकसित और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण करने वाले शिल्पियों का समूह उपस्थित है। यह समूह अभ्यास, कर्मठता और ऊर्जा से लबरेज है। हमें मिलकर एक ऐसे भारत का निर्माण करना है जिसमें सभी देशवासी आत्मसम्मान और सभी सुविधाओं के साथ अपनी अगली पीढ़ी का नेतृत्व करें। भारत को हर क्षेत्र में प्रथम बनाने से विकसित भारत का सपना साकार नहीं होगा। बल्कि इसके लिए 140 करोड़ लोगों को पूरी ताकत के साथ आगे बढ़ना होगा। शाह ने कहा कि सिविल सेवा में स्व से पर यानी अपने से पहले दूसरों के बारे में विचार करने से बड़ा कोई



मंत्र नहीं होता है। सार्वजनिक जीवन में जाने के बाद अधिकारियों को लोगों के जीवन को आगे बढ़ाने के प्रयास करने चाहिए। उन्होंने युवा अधिकारियों को टास्क दिया कि वे जहां जिस स्थान पर भी पोस्टिंग जाएं वहां के अलग-अलग पड़े डाटा को एआई की मदद से एक साथ लाने का काम करें। ये छोटे-छोटे प्रयोग देश को आगे बढ़ाने में उपयोगी होंगे। विकास आंकड़ों से नहीं बल्कि परिणाम से होता है। उन्होंने कहा कि जीएसटी जिस वक्त लागू हुआ था तब अर्थ शास्त्री यह मानते थे कि यह भारत में सफल नहीं होगा। लेकिन यह आर्थिक विकास की धुरी है। उन्होंने मेक इन इंडिया को आने वाले दिनों में देश का गौरव बताया। शाह ने कहा कि चिंता की जगह चिंतन और व्यथा की जगह व्यवस्था से किसी भी समस्या का समाधान निकाला जा सकता है। चिंता हमारी सोचने की क्षमता को कम करती है। ऐसे में योग और ध्यान को जीवन का नित्यक्रम बनाना चाहिए। समस्या के समाधान के लिए रोड मैप बनाना, माइक्रो प्लानिंग करना और उसे लागू करना और निरंतर फॉलोअप बेहद जरूरी है। महिलाओं की भागीदारी पर उन्होंने कहा कि आज उपस्थित चयनित सिविल सेवा अधिकारियों में 38 प्रतिशत महिलाएं हैं। जब तक देश की 50 प्रतिशत जनसंख्या नीति निर्धारण संबंधी निर्णयों में शामिल नहीं होगी तब तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वुमेन लेड डवलपमेंट का सपना पूरा नहीं होगा।

# जिला उपभोक्ता आयोग में होगा शत-प्रतिशत हिन्दी का प्रयोग

## उपभोक्ता फोरम/आयोग में बीमा, बैंक व बड़ी कम्पनियों द्वारा अंग्रेजी में कागज फाइल करने की शिकायत

काशीपुर(उद संवाददाता)। जिला उपभोक्ता आयोग, उधमसिंह नगर की कार्यवाही में शत' -प्रतिशत कार्य हिन्दी में होगा। इससे उपभोक्ताओं को भारी राहत मिलेगी और अधिकतर उपभोक्ताओं को अपने कैसों की कार्यवाही समझ में आयेगी। जिला उपभोक्ता आयोग उधमसिंह नगर के अध्यक्ष राजीव कुमार खरे ने यह आश्वासन उपभोक्ता आयोग में शत-प्रतिशत कार्य हिन्दी में कराया जाना सुनिश्चित कराने की मांग को लेकर टैक्स उपभोक्ता मानवाधिकार विधिज्ञ समिति के अध्यक्ष नदीम उद्दीन एडवोकेट द्वारा शत-प्रतिशत हिन्दी प्रयोग की मांग को लेकर दिये गये ज्ञापन पर दिया। टैक्स उपभोक्ता मानवाधिकार विधिज्ञ समिति के अध्यक्ष नदीम उद्दीन (एडवोकेट) ने जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष राजीव कुमार खरे को जिला उपभोक्ता आयोग ने समस्त कार्य संवैधानिक व कानूनी प्रावधानों के अनुसार राजभाषा हिन्दी में कराना सुनिश्चित कराने का निवेदन करते हुये ज्ञापन दिया। इस पर श्री खरे ने समिति अध्यक्ष श्री नदीम को आश्वस्त किया कि जिला उपभोक्ता आयोग में हिन्दी के प्रावधानों का पूर्ण पालन सुनिश्चित कराया जायेगा। इससे उपभोक्ताओं को भारी राहत मिलेगी और उपभोक्ताओं को उनकी भाषा में न्याय मिलेगा। श्री नदीम द्वारा दिये ज्ञापन के अनुसार उत्तराखंड में 07 जनवरी 2010 से लागू उत्तराखण्ड राजभाषा अधिनियम 2009 (अधिनियम सं0 14 सन 2010) की धारा 2 के अनुसार राज्य की राजभाषा देवनागरी लिपि में हिन्दी है तथा इससे पूर्व उ0प्र0 राजभाषा अधिनियम 1951 के अन्तर्गत भी उत्तराखंड राज्य की राजभाषा उत्तराखण्ड गठन से ही हिन्दी है। इसके अतिरिक्त वर्तमान में माननीय सुप्रीम कोर्ट हिन्दी सहित विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में अपने निर्णय की प्रतियां उपलब्ध करा रहा है, वही भारतीय संविधान के अनुच्छेद 348(2) के अन्तर्गत उत्तराखंड सहित वैकल्पिक रूप से हिन्दी में कार्य करने को अधिकृत उच्च न्यायालयों में हिन्दी में कार्य करने को बढ़ावा दिया जा रहा है। माननीय उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय ने अपने रिट पिटीशन संख्या 2130 सन 2009 में दिये गये निर्णय दिनांकित 27.03.2010 में ही माननीय उपभोक्ता आयोग में राजभाषा हिन्दी के प्रयोग के प्रावधानों को स्पष्ट करते हुये इसे राज्य व जनहित में उपयोगी बताया है। परन्तु जिला उपभोक्ता फोरम/आयेग में विशेष रूप से विभिन्न विपक्षियों (बीमा कम्पनियों, बैंकों, कम्पनियों आदि) द्वारा अपने अभिवचन, प्रार्थनापत्र आदि अंग्रेजी में फाइल किये जा रहे हैं जिसे सामान्य उपभोक्ताओं को पढ़ने व समझने में कठिनाई होती है। इससे उपभोक्ता हित व जनहित प्रभावित होते है। इसलिये व्यापक उपभोक्ता हित व जनहित मे उपभोक्ता आयोग की कार्यवाहियों में शत प्रतिशत राजभाषा हिन्दी का प्रयोग सुनिश्चित कराया जाना आवश्यक है।

# पत्थर से टेम्पों का शीशा टूटा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आज प्रात: ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में जनपथ रोड़ पर सामने जाते छोटा हाथी वाहन से छिटके पत्थर से टेम्पों का शीशा टूट गया। जिसमें सवारचार छात्रायें मामूली रूप से घायल हो गईं। मामला थाने तक पहुंचने पर पुलिस ने दोनों पक्षों के मध्य समझौता कराया। जानकारी के अनुसार आज प्रात: टेम्पो संख्या यूके 06 टीए 6646 का चालक फुलसुंगा वार्ड एक निवासी धर्मेन्द्र कुमार छात्राओं को लेकर स्कूल की ओर जा रहा था। मार्ग में जनपथ रोड़ पर



सवारी लेकर आ रहे छोटा हाथी संख्या यूके 06 सीबी 9819 के टायर से एक घर के आगे पड़ी बजरे से छिटके पत्थर टेम्पों के शीशे पर आ लगे और शीशा टूट गया। जिससे टेम्पों में सवार कुछ छात्राओं को मामूली चोटें आ गईं। जिन्हें अन्य वाहन से स्कूल भेजा गया। मामला ट्रांजिट कैम्प थाने में पहुंचने पर पुलिस ने दोनों वाहन चालकों से वार्ता कर उनका आपस में समझौता करा दिया।

# हर जिले में बनाए जाएंगे आवासीय मॉडल विद्यालय : धन सिंह

देहरादून(उद संवाददाता)। सूबे के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आज विधानसभा स्थित कार्यालय कक्ष में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। जिसमें उन्होंने विभाग में तैनात सभी शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कार्मिकों के सम्पूर्ण सेवाकाल का रिकॉर्ड सुरक्षित रखने के दृष्टिगत 'मानव सम्पदा' पोर्टल बनाने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए।उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति-2020 के तहत शिक्षकों एवं कार्मिकों के स्थानांतरण भी ऑनलाइन किए जाएंगे। इसके लिए सभी कार्मिकों का डाटा एक ही प्लेटफार्म पर उपलब्ध होना जरूरी है। जिसके मानव सम्पदा पोर्टल एक बेहतर विकल्प है। जिसमें एक ही क्लिक पर किसी भी कार्मिक का सम्पूर्ण सेवा काल का डाटा देखा जा



सकेगा। जिससे स्थानांतरण तथा पदोन्नति में पारदर्शिता तो रहेगी साथ ही समय की भी बचत होगी।विभागीय मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार भारतीय ज्ञान परम्परा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रत्येक जनपद में एक-एक आवासीय विद्यालय तैयार करेगी। जिसके चिन्हिकरण के लिये कुछ मानक निर्धारित किए जाएंगे। जहां पर गुणवत्तापरक शिक्षा के साथ ही पारम्परिक शिक्षा और भारतीय संस्कृति का समावेश देखने को मिलेगा।इसके लिए विद्यालय के पास पर्याप्त भूमि एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का होना जरूरी होगा। इन विद्यालयों में कक्षा छह से 12 तक के छात्रों को प्रवेश दिया जाएगा। डॉ. रावत ने कहा कि प्रदेश में एनसीसी विस्तार योजना के तहत प्रत्येक ब्लॉक के एक विद्यालय एनसीसी की इकाई खोली जाएगी। जिसके लिये अधिकारियों को विद्यालय के चयन के निर्देश दे दिए गए हैं। बैठक में पीएम-श्री और कलस्टर विद्यालयों के चयन की प्रगति के साथ ही अटल उत्कृष्ट विद्यालयों में शिक्षकों की तैनाती को लेकर भी चर्चा की गई। इसके अलावा प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों के जीर्ण-शीर्ण भवनों के नव निर्माण के साथ ही मरम्मत की भी समीक्षा की गई। ऐसे विद्यालयों के शीघ्र डीपीआर तैयार कर शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

# कांग्रेस ने डिजिटल सदस्यता अभियान का किया शुभारंभ

देहरादून(उद संवाददाता)। प्रदेश में होने जा रहे निकाय चुनाव व अन्य चुनाव को लेकर कांग्रेस ने कमर कस ली है। केदारनाथ उपचुनाव में हार के बाद एक बार फिर से कांग्रेस आगामी चुनावों की तैयारियों में जुट गई है। करन माहरा ने आज नई वेबसाइट और डिजिटल सदस्यता अभियान का किया शुभारंभ किया। प्रदेश में जल्द ही निकाय चुनाव और पंचायत चुनाव होने जा रहे हैं। जिसको देखते हुए कांग्रेस ने भी अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। आज कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा के नेतृत्व में उत्तराखंड कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग ने नई वेबसाइट और डिजिटल सदस्यता अभियान का किया शुभारंभ किया। जिसके जरिए तीन महीने के अंदर हर 1 लाख लोगों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है।वेबसाइट को लेकर जानकारी देते हुए उत्तराखंड कांग्रेस के आई टी सैल के अध्यक्ष विकास नेगी ने बताया कि डिजिटल प्लेटफॉर्म आज के युग में प्रभावी हो रहा है। उसी के मद्देनजर आज इस वेबसाइट का शुभारंभ कर प्रत्येक विधानसभा में एक से दो हजार लोगों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं प्रदेश के अंदर व कांग्रेस के अंदर जो भी कार्यक्रम होंगे उसकी सूचना भी इस वेबसाइट के माध्यम से मिलती रहेगी। इसके साथ ही आगामी चुनावों में अधिक से अधिक लोगों को कांग्रेस पार्टी से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।

# दो गैंग के छह बदमाशों को असलहा समेत किया गिरफ्तार

देहरादून(उद संवाददाता)। गोपनीय सूचना के आधार पर पुलिस ने एक बड़ी गैंगवार रोकने का दावा किया है। राजधानी में गुंडागर्दी में लिप्त दो गैंग के छह सदस्यों को असलहा समेत गिरफ्तार किया गया है। ज्यादातर आरोपी पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिलों के रहने वाले हैं। इनमें से एक देहरादून में ग्रेजुएशन प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रहा है। आरोपियों के खिलाफ दो थानों में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमे दर्ज किए गए हैं। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि बुधवार को सूचना मिली थी कि दो गैंग के कुछ बदमाश एक-दूसरे के खिलाफ बड़ी घटना कर सकते हैं। इस पर एसओजी, क्लेमेंटटाउन और वसंत विहार थाने की टीमों को जांच में लगाया गया। इस बीच देर रात क्लेमेंटटाउन पुलिस ने दो गैंग के तीन सदस्यों को आशारोड़ी क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। जबकि तीन बदमाशों को वसंत विहार





पुलिस ने इंजीनियर्स एन्क्लेव से दबोचा। इनके पास से एक पिस्तौल, तीन तमंचे और छह कारतूस बरामद हुए। आरोपियों में एक गैंग के आसिफ मलिक निवासी मेहूंवाला माफी, रितिक पंवार निवासी बबूपुर नागली देवबंद, आकाश निवासी साकेत मेरठ और दूसरी गैंग के कार्तिक निवासी सुभाष नगर मूल निवासी पुट्ठी धनोरा बागपत, हिमांशु निवासी राधा कृष्ण कॉलोनी सर्किट हाउस सहारनपुर और विराट निवासी पचेनंडा मुजफ्फरनगर शामिल हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि इसी साल क्लेमेंटटाउन पुलिस ने आसिफ मलिक के खिलाफ जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज किया था। पहले कार्तिक आदि भी एक ही गैंग में शामिल थे, लेकिन इस मुकदमे के बाद कार्तिक व उसके साथी आसिफ मलिक की गिरफ्तारी के लिए दूसरे पक्ष के साथ मिल गए। पुलिस को इसकी सूचना देने लगे। आसिफ मलिक गिरफ्तार हुआ। इसके बाद उसे जमानत मिल गई। अब दोनों पक्ष एक-दूसरे से रंजिश रखने लगे। पिछले दिनों फरमान नाम के एक सदस्य से इन लोगों ने मारपीट भी की। अब फिर से ये दोनों गैंग एक-दूसरे पर हमले की साजिश रच रहे थे। पिछले दिनों ही उन्होंने पश्चिमी उत्तर प्रदेश से असलहा भी इकट्ठा किया था। एसएसपी ने बताया कि आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। आरोपियों के खिलाफ देहरादून और मेरठ में कई मुकदमे दर्ज हैं। गैंग के कुछ सदस्यों ने पिछले दिनों मेरठ के टॉप लाउंज में 18 राउंड फायरिंग भी की थी। मेरठ पुलिस से भी आरोपियों के इतिहास की जानकारी की जा रही है। इस गैंग के कई सदस्य पहले से जेल में बंद हैं। आरोपियों के अन्य साथियों को भी गिरफ्तार किया जाएगा।

# डीएलएड प्रशिक्षण हेतु प्रवेश परीक्षा कल

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। सचिव उत्तराखण्ड शासन, बेसिक शिक्षा देहरादून द्वारा द्विवार्षिक डी0एल0एड0 प्रशिक्षण हेतु प्रवेश परीक्षा आगामी 30 नवम्बर. 2024 शनिवार को प्रात: 10:00 से 12:30 बजे तक आयोजित की जायेगी।जिलाधिकारी उदय राज सिंह के द्वारा अवगत कराया गया कि राज्य में सम्मिलित द्विवार्षिक डी0एल0एड0 प्रशिक्षण कि लिखित परीक्षा दिनांक 30.11.2024 दिन शनिवार को विभिन्न परीक्षा केन्द्रों, जनता इण्टर कॉलेज रूद्रपुर, आ0ना0झा0 रा0इ0कॉ0 रूद्रपुर, गुरूनानक कन्या इ0कॉ0 रूद्रपुर, श्री सनातन धर्म कन्या इ0कॉ0 रूद्रपुर, आर्य कन्या इण्टर कॉलेज रूद्रपुर कशीपुर बाईपास रोड रूद्रपुर, राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज फाजलपुर महरौला, पर अयोजित कि जा रही है, जिसे शान्ति पूर्वक ढंग से सुनश्चित कराया जाना जनहित मे आवश्यक है। कुछ असामाजिक तत्व इस प्रकार की कार्यवाही कर सकते है, जिससे परीक्षा के संचालन में बाधा उत्पन्न हो सकती है तथा शान्ति भंग होने की सम्भावना भी हो सकती है। जनहित में शान्ति एवं विधि-व्यवस्था बनाये रखने हेतु तुरन्त ही कार्यवाही किया जाना आवश्यक है। अत: उपजिलाधिकारी मनीष बिष्ट ने बताया कि रूद्रपुर/नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत समस्त परीक्षा केन्द्रों पर धारा 163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता




बीएनएसएस के अन्तर्गत समस्त परीक्षा केन्द्रों एवं उनके चारों ओर 500 मीटर की दूरी के अन्दर कोई व्यक्ति प्रवेश नहीं करेगा। यह प्रतिबन्ध परीक्षा देने वाले छात्रों एवं ड्यूटी पर तैनात कर्मचारीयों/आधिकारीयों/सुरक्षा बलों पर लागू नहीं होगा। कोई व्यक्ति नकल करने एवं नकल कराने में मदद नहीं करेगा। परीक्षा केन्द्रों के अन्दर परिक्षार्थियों को पाठ्य सामग्री व सैलुलर फोन/मो० फोन तथा पेपर ले जाने की अनुमति नहीं होगी। कोई भी व्यक्ति शस्त्र आदि लाठी, चाकू व किसी भी प्रकार का हथियार व विस्फोटक पदार्थ नहीं ले जायेगा यह प्रतिबन्ध पुलिस बल पर लागू नहीं होगा। पाँच या पाँच से अधिक व्यक्ति केन्द्र की परिधि के अन्दर या आस-पास किसी समय परियोजन हेतु एकत्र नहीं होगें। कोई भी व्यक्ति परीक्षा केन्द्र की परिधि के अन्दर ध्वनि विस्तारक यन्त्रों का प्रयोग नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार के परीक्षा केन्द्र की परिधि के अन्दर नारे आदि नहीं लगायेगा और न ही किसी राजकीय व सार्वजनिक सम्पत्ति को हॉनि पहुंचायेगा। यह आदेश मेरे अधिकारित क्षेत्र के अन्तर्गत परिक्षा केन्द्रों में दिनांक 30.11.2024 को परीक्षा समाप्ति होने तक प्रभावी रहेगा। इस आदेश कि अवहेलना करने वाला व्यक्ति धारा 163 (बीएनएसएस) के अन्तर्गत दण्डनीय होगा

'जय श्री राम' 'जय श्री बालाजी' 'जय श्री राम'
चोला श्रृंगार,विशाल भंडारा एवं भव्य
श्री बालाजी दरबार
स्थान:- श्री बालाजी मंदिर, दिनेशपुर
दिनांक: 30 नवंबर 2024 दिन: शनिवार,प्रात: 10:00 बजे से
निवेदक:-राजेन्द्र अग्रवाल, महंत श्री बालाजी मंडल रजि०, दिनेशपुर
एवं उत्तरांचल दर्पण परिवार

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com 05944-246817

आवश्यकता है
सिडकुल स्थित फैक्ट्री के लिए अनुभवी अकाउंटेंट एवं अनुभवी इलेक्ट्रिकल डिप्लोमा/डिग्री होल्डर की। वेतन योग्यतानुसार
-सम्पर्क करें-
परफैक्ट सेल्स कार्पोरेशन
प्लाट नं.12, सेक्टर IIDC सिडकुल
रूद्रपुर, मो. 9654467133

# आंगनवाड़ी केन्द्र दरियानगर में किया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। राष्ट्रीय दत्तक ग्रहण जागरूकता माह नवंबर के अंतर्गत महिला कल्याण विभाग द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्र दरियानगर रूद्रपुर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन द्वारा महिलाओं को दत्तक ग्रहण (कारा) से संबंधित जानकारी एवं छोटे एवं बड़े बच्चों को गोद लेने की प्रक्रिया की जानकारी दी गयी, उन्होंने



बताया कि यह सम्पूर्ण जानकारी टोल फ्री नं. 1800111311 पर संपर्क कर भी प्राप्त की जा सकती है। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि कारा के माध्यम से ही विधिक रूप से दत्तक ग्रहण प्रक्रिया पूर्ण की जा सकती है। कार्यक्रम के दौरान चांदनी रावत द्वारा सभी को चाइल्ड हेल्पलाइन द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाएँ तथा टोल फ्री नं. 1098 के संबंध में भी जानकारी दी गयी जागरूकता कार्यक्रम में आंगनबाड़ी सुपरवाइजर आंचल व कार्यकत्री कंचन सहित 50 महिलाएं उपस्थित थीं।

# बिना बैंड बारात और दहेज के निकाह कर फहीम ने पेश की मिसाल

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। शहर में मुस्लिम समाज के एक युवक ने एक ऐसा निकाह कर अपने समाज के लिए मिसाल पेश की जिसमें ना ही बैंड बाजों के साथ बारातियों का लाव लश्कर था और ना ही दहेज की बोझ भरी परम्परा। जहां एक ओर मुस्लिम समाज में निकाह के नाम पर शादी, बारातियों का लाव - लश्कर और दहेज का बोझ निकाह को मुश्किल बना रहा है वहीं इन सब परम्पराओं को खारिज करते हुए एक नई मिसाल पेश की है हल्द्वानी के फहीम अंसारी ने। फहीम अंसारी ने बिल्कुल सादा और शरीयत के मुताबिक निकाह को सुन्नत तरीके से मुकम्मल किया। ना ही बारातियों का लाव - लश्कर और ना ही दहेज की बोझ भरी परम्परा थी। हल्द्वानी के लाइन नं 8 निवासी फहीम अंसारी पुत्र जफर हुसैन ठेकेदार ने वर्तमान में चली आ रही शादी की परम्परा को खारिज करते हुए ग्राम मलसी रुद्रपुर निवास मुहम्मद युनुस की पुत्री हसीन बानो से सादा सरल शरीयत व सुन्नत ए रसूल के मुताबिक संपन्न किया। निकाह की प्रक्रिया शहर काजी



अल्लामा आजम कादरी शहर इमाम जामा मस्जिद हल्द्वानी ने संपन्न की। शहर कघजी अल्लामा आजम कादरी शहर इमाम जामा मस्जिद हल्द्वानी ने निकाह खुत्बे से पहले तकरीर की। जिसमें निकाह के नाम पर चली आ रही गैर इस्लामी परंपराओं व दहेज रस्म का खंडन करते हुए निकाह को आसान करने व जिना को खत्म करने की बात पर जोर दिया तथा निकाह को सुन्नत ए रसूल के तरीके पर आसान करने की नसीहत की। फहीम अंसारी के बड़े भाई जहीर अंसारी ने बताया कि निकाह के नाम पर राइज दहेज व अन्य परंपराओं को खत्म करने की पहल की है जिसके चलते परंपरावादी लोगों का विरोध भी देखने को मिल रहा है। जहीर अंसारी ने कहा कि दहेज की वजह से आर्थिक रूप से कमजोर कई बहन, बेटियां घरों में बैठी है। इस पहल से समाज में बदलाव आएगा। फहीम अंसारी के भाई फरीद ए रिजवी ने कहा कि दहेज की कोई भी रिवायत हमें रसूल अल्लाह से नहीं मिलती है और ना ही खुल्फा राशिदीन के दौर में दहेज का कोई अमल देखने को हमें मिलता है। दहेज भारतीय उपमहाद्वीप की सामाजिक परम्परा है। जोकि धीरे धीरे भारतीय मुसलमानों में दाखिल हो गई है। इसका खात्मा जरूरी है ताकि समाज में निकाह को आसान किया जाए और अतिरिक्त आर्थिक बोझ से बचा जा सके। लोगों द्वारा इस तरह के सादा सरल शरीयत वा सुन्नत ए रसूल के मुताबिक निकाह की खूब सराहना की जा रही है

# महिलाओं को कांग्रेस की डिजिटल सदस्यता दिलायी

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने कहा है कि देश में राजनीतिक माहौल बदल रहा है,देश मैं भाजपा के खिलाफ माहौल बन रहा है,यही नहीं भाजपा की अब उल्टी गिनती भी शुरू हो गई है,और 2029 में होने वाले लोकसभा चुनाव में देश की जनता केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनाने के लिए अपना अपना मन बना चुकी है, श्रीमती शर्मा ने कहा कि उत्तराखंड राज्य में भी राजनीतिक हालात तेजी से बदल रहे हैं, यहां भी 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ऐतिहासिक जीत दर्ज कर राज्य में अपनी सरकार बनाएगी। श्रीमती शर्मा कृष्णा कॉलोनी और शास्त्री नगर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं विशेष कर महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक बैठक को संबोधित कर रही थी । इससे पूर्व यहां पहुंचने पर महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं और कांग्रेसजन द्वारा उनका



अभूतपूर्व स्वागत किया गया। महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने श्रीमती शर्मा को फूलमालाएं पहनाकर एवं उन्हें शॉल ओढ़ाकर उनका भव्य स्वागत किया स बाद में श्रीमती शर्मा ने बड़ी संख्या में महिलाओं को कांग्रेस की डिजिटल सदस्यता ग्रहण कराई । उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि निकाय चुनाव में भी कांग्रेस अधिकांश निगम, नगर पालिका,और नगर पंचायत में जीत दर्ज करेगी । उन्होंने क्षेत्र की जनता को आश्वस्त किया कि नगर निगम चुनाव में कांग्रेस का परचम लहराने के बाद उनकी हर समस्या का प्रमुखता से समाधान किया जाएगा ।इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं ने अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की डिजिटल सदस्यता ग्रहण की स कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रामाधारी गंगवार, निगम पार्षद पद के संभावित प्रत्याशी संजीव राठौड़, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल शर्मा, तेजपाल, ओंकार सिंह, मुरारी लाल, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिनेश मौर्य, देबू कोली, अरविंद सक्सेना, सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं ।

# एंडुरन्स टेक्नोलोजीस लिमिटेड का सिक्स सिग्मा में पूल कैम्पस

## आठ छात्रों का कैम्पस प्लेस्मेंट कराया

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। क्षेत्र के प्रतिष्ठित पॉलिटैक्निक इंजीनियरिंग संस्थान सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड साइंस द्वारा छात्रों का कैम्पस प्लेस्मेंट कराया गया। यह प्लेस्मेंट प्रक्रिया का आयोजन सिक्स सिग्मा के ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेन्ट हेड रजत धवन जी द्वारा कराया गया । इस



प्रक्रिया में कम्पनी के माननीय एचणआरण् मैनेजर एलणईण्डीण् जोशीए प्रोडक्शन हेड प्रदीप भट्ट व मेंटेनेंस हेड मुकेश जयसवाल सर्वप्रथम प्रतिभागी छात्र.छात्राओं को कम्पनी से जुड़ी अहम जानकारी दी एवं उसके स्त्रोत पर्यावरणए कम्पनी के बारे में विस्तृत जानकारी भी दी।इस प्रक्रिया में सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड साइंसएरुद्रपुर तथा गेट बाजपुर के 18 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग कियाए जिसमे से 8 का चयन हुआए चयनित के छात्रों में खुशी व सकारात्मक भावना थी । छात्र व छात्राओं ने संस्थान की प्रबंधन समितिए प्रधानाचार्य श्री ललित सिंह बिष्टए उपप्रधानाचार्य मुकेश कुमार तथा ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेन्ट ऑफिसर रजत धवन को अपना धन्यवाद प्रकट किया । संस्थान के चेयरमैन राजेश डाबर जीए को.चेयरमैन प्रीत ग्रोवर जीए प्रबंध निदेशक सीए शिव अरोराए प्रबंध निदेशिका डॉ सीमा अरोराए मैनज्मेंट टीम मेम्बर वंश डाबरए शौर्य अरोराए कॉलेज ऑफ फार्मेसी के उप.प्रधानाचार्य डॉ प्रकाश पन्तए सीएओ अनुभव बाठला ने छात्रों को शुभकामनाएं प्रदान की । कॉलेज ऑफ पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट चयन के उपरांत सभी छात्रों को प्रेरित किया एवं उनको उनके लक्ष्य की ओर बढ़ते रहने को कहा।

# नशे के खिलाफ जंग लड़कर ही बचेगा युवाओं का भविष्य : फैजान खान

गदरपुर। नशे के खिलाफ पदयात्रा निकालकर लोगों को जागरुक कर रहे विधायक अरविंद पांडे के साथ मुस्लिम समाज का बड़ा युवा वर्ग भी साथ चल रहा है और नशे के प्रति लोगों को जागरुक कर रहा है बस अड्डा कॉलोनी वार्ड नंबर 11 के रहने वाले फैजान खान ने बताया कि नशे की लत लगने के बाद घर परिवार उजड़ जा रहे हैं अगर प्रशासन ने समय रहते नशे के कारोबार करने वालों पर अंकुश नहीं लगाया तो परिणाम गलत साबित होंगे फैजान ने बताया कि नशा एक बड़ी समस्या है युवा लगातार नशे की लत का शिकार हो रहे हैं और बताया



नशीली दवाएं मेडिकल स्टोर पर भी मिल रही हैं जिस पर प्रशासन को अंकुश लगाना जरूरी है फैजान खान ने बताया कि आज क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडे द्वारा पद यात्रा निकाल कर लोगों को जागरूक किया गया है कि नशे से दूर रहे और अपना व देश का भविष्य बर्बाद होने से बचाए इस दौरान सर्जन यादव, नईम मलिक, जाकिर मंसूरी, जावेद खान, कैलाश भट्ट, हनुमंत भुड्डी,तनुज गिलहोत्रा, रिहान मलिक सहित दर्जनों युवा मौजूद रहे।

# सिल्क्यारा रेस्क्यू अभियान सफलता की अनुपम मिसाल

## राज्यपाल और सीएम धामी ने किया सिल्क्यारा रेस्क्यू अभियान पर बनी लघु फिल्म का विमोचन

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) एवं मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को दून विश्वविद्यालय, देहरादून में आयोजित 'सिलक्यारा विजय अभियान' प्रथम वर्षगाँठ एवं 19वाँ राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सम्मेलन-2024 में प्रतिभाग किया। इस आई। उन्होंने कहा कि इस विजय अभियान का डॉक्यूमेंटेशन किया जाना भी एक ऐतिहासिक कार्य है। यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि थी। राज्यपाल ने कहा कि भारतीयों के अंदर जो क्षमता है, जिसे पूरी दुनिया ने कोविड के दौरान भी देखा था। इसके बाद सिलक्यारा टनल में फंसे श्रमिकों का बचाव कार्य में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि माताओं, बहनों में कुछ भी कर गुजरने की एक अद्भुत क्षमता है। हमें अपनी बहनों को आगे बढ़ाने में उनका साथ देना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते वर्ष सिलक्यारा के सफल बचाव अभियान ने आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में एक नया अध्याय लिखा था। उन्होंने कहा प्रध पत्रों के प्रस्तुतीकरण, सामाजिक महत्व के शोध, नवाचार और नीतिनिर्धारण जैसे गंभीर विषयों पर चिंतन का मंच भी है। हर वर्ष सम्मेलन में राज्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होती है, पिछले तीन वर्षों में हमने ग्रामीण विज्ञान, भारतीय ज्ञान-विज्ञान परंपरा और आपदा प्रबंधन जैसे विषयों पर नवाचार वैज्ञानिक और बौद्धिक संपदा को सिद्ध करके दिखाया है। भारत के महान खगोलशास्त्री आर्यभट्ट, आचार्य कणाद, आचार्य नागार्जुन, महर्षि सुश्रुत जैसे अनेक लोग, भारत के वो वैज्ञानिक स्तंभ हैं, जिनके सिद्धांतों पर आज का आधुनिक विज्ञान स्थापित है। दुनिया को ज्ञान, विज्ञान और शिक्षा देने का काम भारत ने स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत की परिकल्पना में महिलाओं की अहम भूमिका है। मुख्यमंत्री ने सभी विश्वविद्यालयों और संस्थाओं से बालिकाओं को साइंस और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में आगे बढ़ने हेतु विशेष प्रोत्साहित करने का आग्रह किया।





अवसर पर उन्होंने सिल्क्यारा विजय अभियान पुस्तक एंव अन्य पुस्तकों का विमोचन किया। उन्होंने सिल्क्यारा रेस्क्यू अभियान पर बनी लघु फिल्म का अवलोकन भी किया। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने कहा कि यह अभियान राज्य आपदा प्रबंधन क्षमता का उत्कृष्ट उदाहरण है। विश्व के पर्वतीय देशों के लिए यह उदाहरण है कि किस प्रकार से सिलक्यारा टनल में फँसने के बाद किस प्रकार 41 श्रमिकों को बचाव कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। यह धैर्य, लीडरशिप, कॉर्डिनेशन और अपने संकल्प को पूरा करने का बहुत बड़ा उदाहरण है। पूरे विश्व ने देखा है कि किस 17 देशों के एक्सपर्ट्स 41 फँसे हुए श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकालने का कार्य जिसमे एक भी श्रमिक को खरोंच तक नहीं भी इसका एक और उदाहरण है। राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश को ईश्वर ने बहुत से प्राकृतिक संसाधनों से नवाजा है। अब इनके संरक्षण की जिम्मेदारी भी हमारी है। उन्होंने कहा कि राजभवन में वाटर हार्वेस्टिंग पर कार्य किया जा रहा है, जिसके अच्छे परिणाम दिख रहे हैं। उन्होंने आम जन से अपने आस-पास नौले धारों और प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण का आह्वान किया। राज्यपाल ने कहा कि हमें स्थानीय समुदायों की भागीदारी को भी प्रोत्साहित करना है जल प्रबंधन में ग्राम पंचायतों और नागरिक संगठनों को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने हमसे आग्रह किया है कि पर्यावरण की रक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम लगाकर इस आंदोलन को आगे बढ़ाने नमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन और सहयोग से 17 दिनों के अथक प्रयासों से सिलक्यारा टनल में फंसे हुए 41 श्रमिकों को सुरक्षित बचाया गया था। उन्होंने कहा पूरा विश्व और देश के लोग सिल्क्यारा के लिए दुवा कर रहा था। जो अभियान सामूहिक समर्पण और तकनीकी दक्षता की अनुपम मिसाल बना। जिसे अब आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अध्ययन और शोध का विषय भी माना जा रहा है। उन्होंने सिल्क्यारा के सफल रेस्क्यू के एक वर्ष होने पर प्रधानमंत्रीश्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सम्मेलन बीते 19 वर्षों से प्रदेश में विज्ञान एवं नवाचार को प्रोत्साहित करने के साथ युवा वैज्ञानिकों को प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। ये सम्मेलन शोध और शोध को प्रोत्साहित किया है।मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष सम्मेलन में उत्तराखण्ड में जल एवं प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण जैसे प्रासंगिक और महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा होगी, जो जलवायु परिवर्तन और बढ़ती हुए जनसंख्या को देखते हुए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा हमारा राज्य जल संपदा को संजोए हुए है। उन्होंने कहा इस सम्मेलन में राज्य और देशभर से आए वैज्ञानिकों व शोधकर्ताओं द्वारा जल स्रोतों के संरक्षण और संवर्धन जैसे विषयों पर भी गहन मंथन होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विज्ञान के क्षेत्र में भारत दशकों से नित नए कीर्तिमान स्थापित करता रहा है। कोरोना वैक्सीन से ब्रह्माण्ड के अबूझ रहस्यों तक, हम भारतीय विज्ञान को नए स्तर पर ले जाने का कार्य निरंतर कर रहे हैं। भारत ने समय समय पर अपनी किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में अनेकों कार्य हुए हैं। आज भारत में गुड गवर्नेंस के लिए विज्ञान और तकनीकी का व्यापक उपयोग हो रहा है। प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से हम उत्तराखण्ड में भी नई प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए कार्य कर रहे हैं। देहरादून में देश की पांचवीं साइंस सिटी का निर्माण तेजी से हो रहा है। प्रदेश के प्रत्येक जनपद में साइंस और इनोवेशन सेंटर, लैब्स ऑन व्हील्स, और 'जम्ड लैब्स के माध्यम से विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में विश्व मुख्यमंत्री ने कहा सरकार, राज्य की भौगोलिक विशेषताओं को ध्यान में रखते हुए पर्यटन, कृषि और पर्यावरण के लिए उन्नत तकनीकों का उपयोग सुनिश्चित कर रही है। हमारा प्रयास है कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी के माध्यम से आम लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाया जाए। उन्होंने कहा इस सम्मेलन के सभी सत्रों में मिले सुझावों को प्रदेश सरकार अमल में लाकर प्रदेश के समग्र विकास को गति प्रदान करेगी। इस अवसर पर सचिव श्री नितेश झा, महानिदेशक यूकॉस्ट प्रो. दुर्गेश पंत, कुलपति डॉ. सुरेखा डंगवाल, डॉ विनोद एवं विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ और वैज्ञानिक उपस्थित रहे।

# विनायक मिश्रा ने टेबल टेनिस चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। उधम सिंह नगर के जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल के छात्र विनायक मिश्रा ने उत्तराखंड खेल महाकुंभ 2024 की टेबल टेनिस चौंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर अपने स्कूल, परिवार और जिले का नाम रोशन किया है। यह एक ऐतिहासिक पल है जिसने जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल के छात्रों की प्रतिभा और मेहनत को प्रदर्शित किया है। इस चौंपियनशिप का आयोजन जिला युवा कल्याण विभाग, उधम सिंह नगर द्वारा किया गया था। विनायक मिश्रा की इस जीत ने उन्हें राज्य स्तरीय टूर्नामेंट में भाग लेने का अवसर दिलाया है, जो उनके लिए एक बड़ा मौका है। जीडी गोयनका पब्लिक



स्कूल के चेयरमैन श्री अतुल गोयल ने विनायक मिश्रा को उनकी इस उपलब्धि पर हृदय से बधाई दी है और कहा है कि यह स्कूल के लिए एक गर्व का पल है। प्रिंसिपल मिस रूपाली पुरी ने भी विनायक मिश्रा को उनकी इस उपलब्धि पर बधाई दी है और कहा है कि स्कूल का उद्देश्य छात्रों को उनकी पूर्ण क्षमता तक पहुंचाना है। विनायक मिश्रा के कोच श्री गुरुविंदर जी ने उनकी इस जीत पर गर्व व्यक्त किया है और कहा है कि विनायक मिश्रा की मेहनत और समर्पण ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है। इस अवसर पर, जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल की स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर डॉ. बर्षा जी ने भी विनायक मिश्रा को उनकी इस उपलब्धि पर बधाई दी है और कहा है कि स्कूल का उद्देश्य छात्रों को खेलों के माध्यम से उनकी पूर्ण क्षमता तक पहुंचाना है। जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल के प्रबंधन, शिक्षकों और छात्रों ने विनायक मिश्रा को उनकी इस उपलब्धि पर हृदय से बधाई दी है और राज्य स्तरीय टूर्नामेंट में उनकी सफलता की कामना की है।

# स्टोन रिज इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ब्रिटेनिया कंपनी का औद्योगिक दौरा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। स्टोन रिज इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा 11 व 12 वाणिज्य विभाग के छात्रों ने कक्षा अध्यापक दिनेश आयलानी व बृजपाल सिंह के नेतृत्व में दिनांक 28 नवंबर 2024 को ब्रिटेनिया कंपनी रुद्रपुर इकाई का औद्योगिक दौरा किया । इस दौरे का मुख्य उद्देश्य छात्रों को औद्योगिक क्षेत्र



के व्यावहारिक अनुभव और वास्तविक दुनिया के उद्योगों के बारे में जानकारी देना था। एचआर मैनेजर श्रीमती मानसी मेहरा ने छात्रों को कंपनी का भ्रमण कराया व प्लांट के कार्यरूप के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान प्रश्नोत्तर भी पूछे गए । सही उत्तर देने वाले छात्रों को पुरस्कृत भी किया गया ।

# श्री कृष्ण व रुक्मणि के विवाह की कथा सुन श्रद्धालु झूमे

रूद्रपुर (उद संवाददाता )। आर्य समाज रूद्रपुर के 74 वें वार्षिकोत्सव पर आयोजित संगीतमय योगीराज श्री कृष्ण जी महाराज की कथा के चतुर्थ जी महाराज ने कुश्ती दंगल में मौत के घाट उतार दिया। कंस ने दो पहलवानों से लड़वाया परंतु श्री कृष्ण ने उन पहलवानों को कव्वालियां पीठ नाम के बड़ा ही सजीव चित्रण किया। समस्त श्रोतागण भजनों को सुनकर झूम उठे। प्रात: काल आचार्य प्रभात जी ने सुंदर यज्ञ रचाया। जिसमें जनमानस ने अपनी ने आचार्य जी को विवाह प्रकरण पर गले में अंग वस्त्र डाला। श्रीमती शशि यादव ने पगड़ी पहनाई और आर्य समाज के पुरोहित प्रभात कुमार और प्रतिनिधि सभा उत्तराखंड के प्रधान डीपी यादव ने आचार्य कुलदीप जी एवं सभी कलाकारों को वस्त्र भेंट किया और लड्डू भी बांटे। रमन सिब्बल ने सतीश तनेजा , हरीश तनेजा, यशपाल तनेजा, निधि वासन , सीमा गुलाटी, रेणु कुकरेजा , अलका तनेजा एवं आर्य कन्या इंटर कॉलेज की अध्यापिकाएं





दिवस कथा व्यास आचार्य कुलदीप जी ने भगवान श्री कृष्ण जी महाराज के जीवन के प्रसंग को बहुत ही मधुरता के साथ में प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि क्रूर कंस को योगीराज श्री कृष्ण हाथी को देखते ही देखते मौत के घाट उतार दिया। जेल तोड़ नाना जी को सोप राजधानी कृष्ण कहानी सुनो रे कृष्ण कहानी। कथा व्यास आचार्य कुलदीप जी ने श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह का आहुतियां प्रदान की और पुण्य लाभ प्राप्त किया। कथा सुनने के लिए बहुत संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। सभी श्री कृष्ण भगवान की भक्ति के भजन सुनकर झूम उठे। इस अवसर पर श्रीमती संतोष सभी कलाकारों को श्रीमती चांदना, अलका तनेजा, चंचल तनेजा, श्रीमती सिंबल इत्यादि ने गले में अंग वस्त्र डालें। तालियां बजाकर हर्ष का माहौल देखते ही बन रहा था। अपरांत आर्य मिष्ठान बटवाया। इस अवसर पर आर्य समाज के प्रधान पृथ्वीराज आर्य, उप प्रधान महावीर प्रसाद, मंत्री राजेंद्र चांदना, कोषाध्यक्ष अमित वासन, राजकुमार गुलाटी, अमित कुकरेजा , एवं छात्राएं और नगर की जनता ने प्रतिभाग किया । वार्षिकोत्सव का समापन आगामी 2 दिसंबर दिन सोमवार को दोपहर 12 बजे तक होगा। उपरांत ऋषि लंगर की व्यवस्था होगी।

# सीएम के सपने को डीएम ने लगाए पंख

## एयरपोर्ट अथॉरिटी को दिया 525 एकड़ भूमि पर भौतिक कब्जा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने पन्तनगर एयरपोर्ट विस्तारीकरण की बैठक लेते हुए कहा कि एयरपोर्ट आथॉरिटी को उत्तराखण्ड सरकार द्वारा 524.70 एकड़ भूमि पर आथॉरिटी द्वारा संयुक्त निरीक्षण कर कॉर्डिनेट भी उपलब्ध करा दिए गए हैं, टीडीसी की भूमि जो एयरपोर्ट विस्तारीकरण की जद में आ रही है उसमें भवन, कार्यालय आदि के ध्वस्तीकरण सर्वे डीपीआर बनाने के निर्देश दिये गये थे, परियोजना निदेशक एनएचएआई विकास मित्तल ने सर्वे डीपीआर की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए जिलाधिकारी को बताया कि भविष्य में ट्रैफिक व्यवस्था को कारी ने कहा कि अतिरिक्त भूमि हस्तांतरित कर दी जायेगी किन्तु उससे पूर्व एयरपोर्ट निदेशक व सहायक निदेशक फार्म से समन्वय करते हुए भौतिक निरीक्षण व सर्वे कर लें। बैठक में उप



भौतिक कब्जा दे दिया गया है। इसलिए निदेशक पन्तनगर एयरपोर्ट भूमि की पजेशन लेते हुए अपने सर्वे व निर्माण के कार्यो को शीघ्र प्रारम्भ कर लें। जिलाधिकारी उदय राज सिंह ने कहा कि एयरपोर्ट आथॉरिटी को 524.78 एकड़ भूमि का जिला प्रशासन व पन्तनगर एयरपोर्ट हेतु टेण्डर व पन्तनगर विश्वविद्यालय के भी भवन, शोध संस्थान, कार्यालय आदि जद में आ रहे है उनका भी चिन्हीकरण पूर्व में ही कर लिया गया है। उन्होने कहा कि एनएचएआई को राष्ट्रीय राजमार्ग विस्थापन हेतु 103 एकड़ भूमि चिन्हित कर पजेशन दे दिया गया है व सड़क का देखते हुए एयरपोर्ट मुख्य गेट से पहले एक अंडरपास बनाने की आवश्यकता है जिस हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग को कुल 113 एकड़ भूमि की आवश्यकता होगी, उन्होंने कहा कि 103 एकड़ पूर्व में ही मिल गयी है, 10 एकड़ अतिरिक्त भूमि की आवश्कता है, जिस पर जिलाधि जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, ओसी गौरव पाण्डेय, निदेशक एयरपोर्ट आथॉरिटी मोनिका डेम्बला,परियोजना निदेशक एनएचएआई रूद्रपुर विकास मित्तल, प्रबंधक एनएचएआई मीनू, सहायक निदेशक फार्म पंतनगर डा0 अजय प्रभाकर, टीडीसी से दीपक पांडे आदि उपस्थित थे।



# विधायक आशा नौटियाल ने की सीएम धामी से मुलाकात

देहरादून(उद संवाददाता)। केदारनाथ विधानसभा की नवनिर्वाचित विधायक आशा नौटियाल ने गुरुवार को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की. इस दौरान सीएम धामी ने विधायक बनने पर आशा नौटियाल को बधाई दी। केदारनाथ विधानसभा सीट से नवनिर्वाचित विधायक आशा नौटियाल ने देहरादून पहुंचकर गुरुवार को सीएम धामी के शासकीय आवास पर उनसे मुलाकात की. इस दौरान सीएम ने विधायक आशा नौटियाल को उनकी शानदार जीत पर बधाई दी. इस अवसर पर विधायक के साथ रुद्रप्रयाग के जिला अध्यक्ष महावीर पंवार भी मौजूद थे।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नवनिर्वाचित विधायक आशा नौटियाल से कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में केदारनाथ विधानसभा क्षेत्र में डबल इंजन सरकार द्वारा हो रहे विकास कार्यों को नई गति मिलेगी।

# रोड शो के साथ गोल्ड मेडलिस्ट मुकेश का जोरदार स्वागत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। अमेरिका के कोलंबिया में हुए पावर लिफ्टिंग के टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीत कर हल्द्वानी पहुंचने पर मुकेश पाल का रेलवे स्टेशन पर सैकड़ों लोगों ने भव्य स्वागत किया। जिसमें प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष नवीन चंद्र वर्मा, जिला अध्यक्ष विपिन गुप्ता, ब्राह्मण उत्थान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विशाल शर्मा, ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष व समाजसेवी हेमचंद भट्ट, मॉर्निंग वॉकर क्लब के अध्यक्ष हरिश्चंद्र पांडे, प्राचीन शिवसेवा समिति के मुरली मुलानी, सनी कपूर, शिवसेना जिला अध्यक्ष त्रिलोक सिंह, महानगर अध्यक्ष, सुनील गुप्ता, नगर उपाध्यक्ष प्रमोद आर्या, नगर मंत्री सरदार मोनू सिंह, मीडिया प्रभारी अभिषेक कश्यप, आयुष वार्ष्णेय, मुकेश बिष्ट, दीपक राजपूत,





प्रदीप पाठक, सोनू केसरवानी, फल सब्जी फ फुटकर व्यापार समिति के हसीन अंसारी, वरिष्ठ उपाध्याय रवि गुप्ता, सफदर, राम रूप गुप्ता, धर्मेंद्र साहू, विपिन कुमार गुप्ता, क्यों किशन कराटे फाउंडेशन उत्तराखंड इकाई के जिला अध्यक्ष नैनीताल भूपेन्द्र बिष्ट, प्रदेश उपाध्याय, मुजाहिद इस्लाम, प्रदेश सचिव दीपक रावत (अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी), हरीश कश्यप, एक समाज श्रेष्ठ समाज अध्यक्ष योगेन्द्र साहू, योगिता बनौला, ट्रांसपोर्ट नगर एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप सब्बरवाल, इंदर भूटानी , अमरजीत सिंह सेठी, निवर्तमान पार्षद रवि जोशी, नीरज बगड़वाल, गोविंद बगड़वाल, व्यापारी नेता नीरज बगड़वाल, पूर्व राज्य मंत्री ललित जोशी, नगर पालिका पूर्व उपाध्यक्ष महेंद्र अधिकारी, व्यापार मण्डल नगर महामन्त्री मनोज जायसवाल, बबलू जयसवाल, उमाशंकर गुप्ता, रोहित पाल, संजय वर्मा, पूर्व तहसीलदार, मनोज मिश्रा, रेडक्रॉस सोसायटी के अशोक कुमार, आदि क्षेत्रवासियों और समाज सेवियों लोगों ने रेलवे स्टेशन पर मुकेश पाल का स्वागत किया। हल्द्वानी रेलवे स्टेशन से एक रोड शो के माध्यम से शिवसेना प्रदेश उपाध्यक्ष रूपेन्द्र नागर के नेतृत्व में रोड शो शहर के रेलवे बाजार, नया बाजार, मीरा मार्ग, फल मंडी, मंगल पड़ाव, सिंधी चौराहा, रामपुर रोड, हाईवे रोड नीलकंठ हॉस्पिटल होते हुए निवास स्थान प्रगति बिहार डेहरिया में संपन्न हुआ। रोड शो में सैकड़ो समाजसेवी, व्यापारियों, फल सब्जियां फुटकर व्यापार समिति, शिवसेना के साथियों ने जगह-जगह मुकेश पाल का माल्यार्पण कर स्वागत किया। अपने आवास पर पहुंचने पर अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मुकेश पाल ने सम्मान और प्रेम के लिए सभी समाजसेवियों का हृदय से धन्यवाद व्यक्त किया।

# नशे के इंजेक्शनों सहित एक दबोचा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नशे का कॉकटेल तैयार करने के इंजेक्शनों के साथ एक नशा तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार बनभूलपुरा थाना क्षेत्र वर्तमान में नशा आपूर्ति एवं बिक्री का केंद्र बन चुका है। यहां नशे की जोरों पर तस्करी हो रही है। नशे के खिलाफ अभियान चला रही थाना पुलिस ने एक बार फिर नशे के इंजेक्शन बेचने वाले तस्कर पकड़ा है। पकड़े गए तस्कर के पास से दो अलग-अलग इंजेक्शन बरामद किए हैं। जिन्हें मिलाकर नशे का कॉकटेल तैयार किया जाता था। चौकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर एएनटीएफ प्रभारी मोहन सिंह सौन, कांस्टेबल मनमोहन सिंह, नवीन कुमार, राजेन्द जोशी और सोनू सिंह ने रेलवे स्टेशन के एक खोखे में टीम ने छापेमारी की। जहां से नई बस्ती कब्रिस्तान गेट इंद्रानगर निवासी 19 वर्षीय मो. समीर पुत्र गुड्डू खान को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से दो अलग-अलग किस्म के 30 इंजेक्शन और 2400 रुपए नगद बरामद हुए। पूछताछ में समीर ने पुलिस को बताया कि वह बरामद इंजेक्शन दरऊ से लेकर आता था। खरीदार इन दो अलग- अलग इंजेक्शन को मिलाकर इस्तेमाल करते थे।

# रक्तदाता चुघ, खालसा व शर्मा पंजाब में हुए सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। समाजसेवी रक्तदाता हरविंदर सिंह चुघ, प्रदीप सिंह खालसा, व जितेन्द्र शर्मा को पंजाब में आयोजित एक समारोह में सम्मानित किया गया। हेल्प फॉर नीडी फाउंडेशन के अध्यक्ष आनंद जैन द्वारा पंजाब बठिंडा के डीएवी कालेज में एक राष्ट्रीय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । जिसमें भारतवर्ष के कोने कोने से रक्तदाताओं ओर समाजसेवियों का आमंत्रित किया गया । जिसमें श्री गुरु रामदास जी सेवा ट्रस्ट के द्वारा किये जा रहे सामाजिक कार्यों को देखते हुए संस्था



को आमंत्रित किया गया । संस्था के फाउंडर हरविंदर सिंह चुघ, प्रदीप सिंह खालसा व जितेन्द्र शर्मा को हेल्प फॉर नीडी फाउंडेशन के अध्यक्ष आनंद जैन द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समाजसेवी रक्तदाता हरविंदर सिंह चुघ, प्रदीप सिंह खालसा, व जितेन्द्र शर्मा को पंजाब में सम्मानित किये जाने पर यहां तमाम लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# समीक्षा बैठक में डीएम ने दिए शिकायतों का तिस्तारण करने के निर्देश

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वंदना सिंह ने पिछले एक वर्ष से अब तक जिले भर में आयोजित किए गए लगभग 35 भ्रमण, निरीक्षण, जनसुनवाई कार्यक्रमों और 82 विकास योजनाओं के निरीक्षण के दौरान प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की। जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक सप्ताह लगभग एक भ्रमण, निरीक्षण, जनसुनवाई कार्यक्रम जनपद के दूरस्थ क्षेत्रों में आयोजित किया जा रहा है। जिस दौरान स्थानीय लोगों, जनप्रतिनिधियों द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, सड़क आदि की शिकायत जिलाधिकारी को बताई जाती हैं। इसी संबंध में विभागो को अभी तक भेजी गई शिकायतों पर की गई कार्यवाही की समीक्षा की गई। पिछले एक वर्ष से अब तक भ्रमण व जनसुनवाई के दौरान लोगों ने 82 विभागों में 1500 शिकायत दर्ज की।समीक्षा के दौरान उन्होंने शिकायतों का निस्तारण, लंबित शिकायतों और गतिमान कार्यों में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारों लंबित शिकायतों का जल्द निस्तारण करने और सूचना देने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि अधिकारी जन समस्याओं के निस्तारण को प्राथमिकता करें। जनसमस्याओं को उलझाने के बजाय सुलझाने की प्रवृत्ति रखे। इसके लिए मानकों को ध्यान में रखते हुए प्रस्ताव तैयार हो जिससे समस्या का निस्तारण हो। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि भ्रमण के दौरान कुल 37 शिकायतें प्राप्त हुई। जिसमें मुख्य रुप से दूरस्थ ग्रामीण के विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति की मांग की गयी थी। जिसमें 19 का निस्तारण किया जा चुका है, जबकि शेष शिकायतों का निस्तारण गतिमान हैं। जिलाधिकारी ने दूरस्थ इलाकों में टीचरों की नियुक्ति और ग्रामीण इलाकों के विद्यालयों में रिक्त पदों को पहले भरने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने विद्यालयों में चिह्नित करने के निर्देश दिये। जिससे वहाँ की आवश्यकता को देखते हुए विकास सुविधाये विकसित की जा सके। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों आपातकालीन नंबर, एएनएम की तैनाती, पर्याप्त मात्रा में दवाई और समय समय पर मॉनिटरिंग करने को कहा। उन्होंने पीएमजेएसवाई के अन्तर्गत अब तक



पेयजल व्यवस्था बेहतर और शौचालय आदि बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सचिव प्राधिकरण को भीमताल और नौकुचियातल के आस पास पार्किंग के लिए राजकीय विभागों की भूमि को को बेतालघाट, धारी, खनस्यूं, ओखलढूंगा, गौनियारों, अमगढी, चुकम, सुंदरखाल, मालधनचौड आदि दूरस्थ ग्रामीण बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने, बेसिक डाक्टरों नियुक्ति, काट चुकी सड़को जिनमें मुआवजे के प्रकरण लंबित हैं की जानकारी उपलब्ध कराने को कहा जिससे अब तक लोगों को दिये गए मुआवजे की वस्तुस्थिति जानकर मुआवजा वितरण में तेजी लायी जा सके। जिलाधिकारी ने बुजुर्ग, दिव्यांगजनों को पेंशन संबंधी किसी प्रकार परेशानी नहीं हो इसके लिए सहायक निबन्धक को ग्रामीण इलाकों में माइक्रो एटीएम, मिनी बैंक, बी.सी आदि की सुविधा देने की बात कही। जिससे दिव्यांगजनों को पेंशन के लिए शहर आदि में भटकना ना पडे। उन्होंने अग्निशमन विभाग के अधिकारियों को अस्पतालों, कार्यालयों में फायर सेफ्टी जांच और समय समय पर फालोअप करने के निर्देश दिए।विभागों को सभी समस्याओं का शीघ्र निस्तारण कर रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए। बैठक में सीडीओ अशोक कुमार, डीडीओ गोपाल गिरी गोस्वामी, प्राधिकरण सचिव विजय नाथ शुक्ल, डीएफओ नैनीताल चंद्र शेखर जोशी, शिक्षा अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी, लोनिवि, जल संस्थान समेत अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## बांग्लादेश में सामुदायिक टकराव

करीब तीन महीने पहले बांग्लादेश में जब एक अप्रत्याशित घटनाक्रम के बीच तख्तापलट के बाद नई अंतरिम सरकार ने काम करना शुरू किया था, तब उम्मीद की गई थी कि वह अब सबके हित को मकसद बना कर नई राह पर चलेगी। मगर अब वहां से जैसी खबरें आ रही हैं, वे यही बताती हैं कि बांग्लादेश शायद फिर से एक नई समस्या के दौर में दाखिल हो रहा है। यह विडंबना ही है कि नई अंतरिम सरकार ने सबको साथ लेकर चलने का भरोसा दिया था, लेकिन अब वहां के अल्पसंख्यक समुदायों के सामने बेहद जटिल स्थिति खड़ी हो रही है और उनके साथ होने वाले बर्ताव से ऐसा लगता है कि उन्हें देश में दोयम दर्जे का नागरिक माना जाएगा। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि वहां सामुदायिक टकराव की स्थिति बन रही है और सरकार उसका कोई समाधान निकालने के बजाय अल्पसंख्यकों के खिलाफ नाहक आक्रोश को रोक नहीं पा रही है।गौरतलब है कि कुछ समय से लगातार ऐसी आवाजें उठ रही हैं कि बांग्लादेश की नई अंतरिम सरकार के जिम्मेदारी संभालने के बाद स्थानीय हिंदू समुदाय के साथ कई स्तर पर भेदभाव किए जा रहे हैं और सरकार उन्हें रोकने के बजाय अपनी आंखें मूंदे हुए है। जबकि बांग्लादेश में बगावत के बाद नए दौर की शुरुआत के साथ लोगों ने वहां सद्‌भाव और समावेशी राह की नई हवा बहने की उम्मीद की थी। फिलहाल स्थिति यह है कि वहां की पुलिस ने इस्कान समूह से जुड़े रहे चिन्मय कृष्ण दास को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि वहां उन पर राष्ट्रीय झंडे को अपमानित करने का हवाला देकर राष्ट्रद्रोह का आरोप लगाया गया है, मगर इस आरोप की हकीकत तो जांच से ही सामने आएगी। इसके बाद बांग्लादेश की नई सरकार के इस रुख पर सवाल उठने लगे हैं कि पिछली सरकार को तानाशाही बता कर सत्ता में आने के बाद क्या अब उसका रवैया धार्मिक अल्पसंख्यकों के प्रति पनप रहे विद्वेष को तुष्ट करने वाला होगा। कहने को बांग्लादेश की सरकार इस तरह के आरोपों से इनकार करती है, लेकिन आखिर क्या वजह है कि वहां हिंदुओं सहित अन्य अल्पसंख्यक समुदायों की ओर से अपने खिलाफ माहौल पैदा करने के आरोप लगाए जा रहे हैं और सरकार अपने रवैये से इस समस्या का कोई सौहार्दपूर्ण हल निकालने के बजाय असंतोष को बढ़ावा दे रही है! सवाल है कि अगर बांग्लादेश में पूर्व की सरकार पर तानाशाही के आरोप थे और आम जनता ने उसके खिलाफ विद्रोह करके उसे सत्ता से हटाया, तो नए दौर के शुरुआती महीनों में ही वहां से ऐसी तस्वीरें क्यों सामने आने लगी हैं। फिलहाल जिस तरह के हालात पैदा हो रहे हैं, अगर सरकार ने उस पर तत्काल लगाम लगाने के ठोस उपाय नहीं किए तो सामुदायिक टकराव चिंताजनक रास्ता भी अख्तियार कर सकता है। हालांकि बांग्लादेश इसे अपना घरेलू मामला बता रहा है, लेकिन पड़ोसी देश में इस तरह की घटनाओं का व्यापक असर पड़ सकता है। यही वजह है कि भारत ने इस मसले पर चिंता जताई है। बांग्लादेश में यह अफसोसनाक स्थिति तब है कि जब नई सरकार की कमान शांति के लिए नोबेल पुरस्कार से सम्मानित मोहम्मद यूनुस के हाथों में है। उनके इसी परिचय की वजह से उनसे उम्मीद की जा रही है कि वे वहां कानून-व्यवस्था का राज लाने के साथ-साथ सभी समुदायों के बीच सद्‌भाव कायम करेंगे, ताकि बांग्लादेश अपने नए सफर में मानवाधिकारों और शांति की राह पर आगे बढ़ने का संदेश दे।

# राज्यपाल ने लक्ष्मी मुर्देश्वर पुरी की पुस्तक का विमोचन किया

देहरादून(उद संवाददाता। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने गुरुवार को देहरादून के एक स्थानीय होटल में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग कर श्रीमती लक्ष्मी मुर्देश्वर पुरी द्वारा लिखित पुस्तक 'Swallowing The Sun' का विमोचन किया। कार्यक्रम के दौरान श्रीमती पुरी द्वारा लिखित पुस्तक के संबंध में प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि यह पुस्तक माँ को समर्पित है, जिसमें हमारे देश की बहुमूल्य सांस्कृतिक विरासत के साथ ही अपने विचारों और धारणा को कैसे मजबूत बनाएं इस पर भी प्रकाश डालती है। राज्यपाल ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किए गए आह्वान ''एक पेड़ माँ के नाम'' के लिए आमजन का आह्वान करते हुए कहा कि हमें भी अपनी माँ के लिए कुछ अवश्य करना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि इस उपन्यास के माध्यम से, उन्होंने न केवल अपनी विरासत का सम्मान किया है, बल्कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम की वैश्विक समझ में भी योगदान दिया है। रचनात्मक कहानी कहने के साथ ऐतिहासिक सटीकता को संतुलित करने की उनकी क्षमता सराहनीय है, और मुझे यकीन है कि 'Swallowing The Sun' दुनिया भर के पाठकों के दिलों में एक विशेष स्थान बनाएगी। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक कथा साहित्य का एक काम है और भारत के स्वतंत्रता संग्राम के गुमनाम नायकों पर प्रकाश डालता है। हमारे भारतीय इतिहास के प्रति जुनूनी



और हमारे देश की विरासत का गौरवशाली संरक्षक, मैं किसी भी ऐसे प्रयास को बहुत महत्व देता हूँ जो हमारी स्वतंत्रता के लिए किए गए बलिदानों को फिर से दर्शाता है और उनका जश्न मनाता है। राज्यपाल ने कहा कि यह एक उपन्यास से कहीं बढ़कर है। यह कई मायनों में एक श्रद्धांजलि है - उन साधारण पुरुषों और महिलाओं को सलाम जिनके असाधारण साहस ने भारत की स्वतंत्रता की कहानी को आकार दिया। इस पुस्तक को पढ़ते हुए, मुझे व्यक्तिगत स्मृति, पारिवारिक इतिहास और राष्ट्रीय गौरव की कहानी मिली। मुख्य पात्र लड़कियाँ होने से कहानी में और भी गर्व की भावना आती है, क्योंकि वे दो बहनों के व्यक्तिगत संघर्षों का वर्णन करती हैं और औपनिवेशिक शासन की बेड़ियों से मुक्त होने के लिए एक राष्ट्र की सामूहिक तड़प को भी समेटती हैं। उन्होंने कहा कि राज्यपाल के रूप में, मुझे हमारी विरासत को संरक्षित करने और हमारे युवाओं को हमारे अतीत के बारे में शिक्षित करने के उद्देश्य से कई पहलों में शामिल होने का सौभाग्य मिला है। महिलाओं द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए, यह हमें याद दिलाता है कि स्वतंत्रता संग्राम केवल पुरुषों के वर्चस्व वाला क्षेत्र नहीं था। महिलाएँ भी प्रतिरोध की मशालवाहक थीं, जो अक्सर औपनिवेशिक उत्पीड़न, सामाजिक मानदंडों और पितृसत्तात्मक बाधाओं के खिलाफ कई मोर्चों पर लड़ाई लड़ती थीं। उपन्यास केवल घटनाओं का वर्णन नहीं करता है, यह पाठकों को स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान ग्रामीण महाराष्ट्र और बॉम्बे की हलचल भरी सड़कों में ले जाता है। राज्यपाल ने कहा कि हमारे स्वतंत्रता संग्राम को परिभाषित करने वाले मूल्यों- साहस, एकता और निस्वार्थता की समय पर याद दिलाता है। मालती और कमला की कहानी हमें दिखाती है कि अवज्ञा के सबसे छोटे कार्य भी, जब कई लोगों की इच्छा से गुणा किए जाते हैं, तो वे बड़े बदलाव ला सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे युवा, जो भारत के भविष्य के संरक्षक हैं, उन्हें ऐसी कहानियाँ अवश्य पढ़नी चाहिए। उन्हें उन बलिदानों को समझने की जरूरत है, जिन्होंने हमारी आजादी को सुरक्षित किया और इसके साथ आने वाली जिम्मेदारियों को भी। अपनी मजबूत महिला पात्रों के जरिए, यह किताब युवा महिलाओं को एक सशक्त संदेश भी देती है, जो उन्हें निडर होकर सपने देखने और निर्णायक रूप से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करती है। राज्यपाल ने साहित्य और इतिहास में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए श्रीमती लक्ष्मी मुर्देश्वर पुरी को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पुस्तक की लेखिका श्रीमती लक्ष्मी मुर्देश्वर पुरी, राजदूत श्री कमलेश शर्मा, डॉ. संजीव चोपड़ा आईएएस, प्रभा खैतान फाउंडेशन से अर्नंदिता चटर्जी एवं थ्ब्ब्ब थ्सव से चारू चौहान उपस्थित रहीं

## ग्राम पंचायतों के लिए तीनों ब्लाकों में प्रशासक हुए नियुक्त

बागेश्वर (उद संवाददाता)। ग्राम पंचायतों का कार्यकाल समाप्त होने के उपरांत जिले के तीनों विकासखंडो के लिए प्रशासक नियुक्त कर दिए गए है।जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगांई ने बताया कि शासन के निर्देश पर 27 नवंबर को ग्राम पंचायतों का कार्यकाल की समाप्ति पर कार्यकाल ग्रहण करने की तिथि से छः मास से अनधिक अवधि के लिए अथवा नई ग्राम पंचायतों के गठन होने तक, जो भी पहले हो प्रशासक के रूप में जनपद के सम्बन्धित विकास खण्ड के सहायक विकास अधिकारी (पं) को प्रशासक नियुक्त किया गया है । बताया कि ग्राम पंचायतों के सामान्य रूटीन कार्यों के सम्पादन व निर्वहन हेतु विकासखंड बागेश्वर के लिए सहायक विकास अधिकारी गोविंद बल्लभ जोशी, कपकोट के लिए स्वरूप सिंह चौडिया व विकासखंड गरूड के लिए सहायक विकास अधिकारी (पं.) कैलाश गिरि को प्रशासक नियुक्त किया गया है। नियुक्त सभी प्रशासक सम्बन्धित विकास खण्ड के समस्त ग्राम पंचायतों का कार्यभार अनिवार्य रूप से ग्रहण करेंगें । तथा इस दौरान नितिगत निर्णय नहीं लिये जायेगें।

# पीआईबी देहरादून ने वेव्स 2025 पर ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी में आयोजित की कार्यशाला

देहरादून । सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की इकाई, पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) देहरादून ने मीडिया और मनोरंजन के क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए क्रिएट इन इंडिया चैलेंज के सीजन-1, वेव्स के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए देहरादून की ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी के पत्रकारिता विभाग में एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मीडिया जगत से जुड़ी डॉ कंचन नेगी ने एक प्रेजेंटेशन के माध्यम से छात्र छात्राओं को बताया कि वेव्स (वर्ल्ड ऑडियो वीडियो एंटरटेनमेंट समिट) का आयोजन 5 फरवरी से 9 फरवरी तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में किया जाएगा। यह मीडिया और मनोरंजन उद्योग के लिए एक प्रमुख मंच है, जो संवाद, व्यापार सहयोग और नवाचार को बढ़ावा देगा। वेव्स में कुल 27 चौलेंज शामिल हैं, जिनमें रील मेकिंग, पोस्टर मेकिंग, एनिमेशन और ड्रोन फिल्म मेकिंग जैसे प्रतिस्पर्धात्मक कार्यक्रम होंगे, जो प्रतिभागियों को अपनी रचनात्मकता और कौशल प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करेंगे। इससे पहले छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए आकाशवाणी और दूरदर्शन देहरादून के समाचार प्रभाग की उप निदेशक श्रीमती साक्षी सिंह ने कहा कि मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में भारत की पारंपरिक संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए ष्वेव्सष एक प्रमुख मंच है। उन्होंने वेव्स की अलग अलग वर्गों में होने वाली प्रतियोगिताओं में भाग लेने की छात्र छात्राओं से अपील की।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यूनिवर्सिटी के



निदेशक प्रोफेसर सुभाष गुप्ता ने कहा कि ष्वेव्सष युवाओं के लिए केंद्र सरकार द्वारा उपलब्ध कराया गया एक उत्कृष्ट मंच है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि न्यू मीडिया, मीडिया और एंटरटेनमेंट के क्षेत्र में हमारी कोशिश होनी चाहिए कि हम इसमें भारत की पारंपरिक संस्कृति और मूल्यों को प्रदर्शित करें।कार्यक्रम को संबोधित करते हुये पत्र सूचना कार्यालय, देहरादून के सहायक निदेशक श्री संजीव सुन्द्रियाल ने कहा कि वेव्स 2025 युवाओं के लिए एक बड़ा अवसर है।उन्होंने कहा कि मीडिया और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री पारंपरिक रोजगार से अलग है और इसमें न केवल उच्च आय बल्कि रचनात्मकता और नवाचार के अनगिनत अवसर मौजूद हैं।ष छात्रों को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा कि वेव्स 2025 मीडिया और मनोरंजन के बारे में नई सोच को बढ़ावा देने के लिए एक ऐतिहासिक मंच तैयार करेगा।कार्यक्रम में मशहूर सिनेमेटोग्राफर श्री जयदेव भट्टाचार्य ने छात्र छात्राओं को सिनेमेटोग्राफी और डॉक्यूमेंट्री बनाने के गुर भी सिखाये। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में डॉक्यूमेंट्री और फिल्म मेकिंग में छात्र छात्राओं के लिए बेहतर भविष्य के दरवाजे खुले हैं।कार्यक्रम में छात्रों को ओहो रेडियो के आरजे काव्य ने भी संबोधित किया। अपने संबोधन में श्री काव्या ने छात्र छात्राओं को इंटरनेट रेडियो और मॉर्डन मीडिया के बारे में अहम जानकारी दी।उन्होंने कहा कि इंटरनेट रेडियो के क्षेत्र में भविष्य में मॉस कम्युनिकेशन से जुड़े छात्र छात्राओं के लिए कई दरवाजे खुलेंगे, जिनमें छात्र छात्राएँ अपना बेहतर करियर बना सकेंगे।इस दौरान छात्रों के साथ वेव्स विषय पर एक ओपन क्विज भी खेला गया। कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी की जन संचार विभाग की प्रमुख डॉ ताहा सिद्दीकी ,पीएचडी कोर्डिनेटर डॉ हिमानी बिंजोला सहित कई अन्य लोग भी मौजूद थे।



# अत्यधिक यूरिया के प्रयोग से मिट्टी हो रही खराब

अल्मोड़ा। इंडियन फारमर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड (इफको) द्वारा जिला सहकारी बैंक सभागार अल्मोड़ा में सहकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य विपणन प्रबंधक, इफको, देहरादून राकेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा बताया गया की अत्यधिक यूरिया के प्रयोग से हमारी मिट्टी खराब होती जा रही है और भूमि एवं भूमिगत जल प्रदूषित हो रहा है यूरिया के अत्यधिक प्रयोग से फसलों में कीड़े बीमारी भी अधिक मात्रा में लग रहे हैं जिसके निवारण हेतु रासायनो का प्रयोग करने से मानव स्वास्थ मे अत्यधिक प्रभाव पड़ रहा है कैंसर ट्रेन जिसका इसका उदाहरण है। उन्होंने मिट्टी में बुवाई के समय केवल आधी मात्रा में डीएपी देने की सलाह दी। उनके द्वारा बीजो को नैनो डी ए पी से बीज के हिसाब से शोधित करने की सलाह दी गई तथा खड़ी फसल में आधी मात्रा में यूरिया तथा उसके बाद नैनो यूरिया व नैनो डीएपी तरल तथा सागरिका मिलाकर दो स्प्रे करने की सलाह दी जिससे मिट्टी भी खराब नहीं होगी वातावरण भी प्रदूषित नहीं होगा और भूमिगत जल भी खराब नहीं होगा। तथा उत्पादन में भी वृद्धि होगी उनके द्वारा बताया गया की पर्वतीय जनपद मे उर्वरक के परिवहन का कार्य सबसे कठिन है परन्तु इफको केवल अकेली संस्था है जो पहाड़ो पर उर्वरक ला रही है, नैनो उर्वरक परिवहन हेतु पर्वतीय क्षेत्रों के लिए वरदान साबित होगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कार्यक्रम में मुख्य प्रबंधक इफको राजीव शर्मा द्वारा जल विलेय उर्वरक के प्रयोग विधि तथा महत्त्वता के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा उनके द्वारा बताया गया कि इफको के जल विलेय उर्वरक का प्रयोग कर हम अपने खेती मे हुई लागत को भी कम कर सकते है। कृषि सेवाएं देहरादून मनोज दानू द्वारा इफको के जल विलेय उर्वरक तथा सागरिका दचा कांसोर्टिया, बायो डेकोम्पोजर के बारे मै बतया गया उनके द्वारा बताया गया। निहारिका पाण्डे द्वारा पोंधो के लिए आवश्यक प्राथमिक तत्वोंके कार्यों तथा आवश्यक्तानुसार पोंधो मे तत्वों से होने वाली कमियों की पहचान तथा इफको के अन्य उत्पाद जैसे बोरोन, जिंक इत्यादि के बारे मे बताया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में वैज्ञानिक वि. पी. के. ए. एस अल्मोड़ा द्वारा डॉ राजेंद्र प्रसाद मीणा ने इफको के नैनो यूरिया के ऊपर चलाये गए रिसर्च ट्रायल के बारे मे बताया उनके द्वारा बताया गया की आने वाला समय नैनो उत्पादों का ही है नैनो का प्रयोग पत्तियों द्वारा किए जाने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति बनी रहेगी जिससे आने वाले समय मे लोग खेती को सतत रूप से कर पाएंगे तथा उनके द्वारा फसलों की आवश्यक्तानुसार उर्वरक तथा नैनो उर्वरक की पूर्ति के विषय मे भी बताया गया कार्यक्रम मे उपस्थित सभी प्रतिभागियों की कृषि से सम्बंधित सभी प्रकार की समस्याओ का निवारण भी किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में उप निबंधक सहकारी समितियां कुमायूं मण्डल हरीश चंद्र खंडूरी द्वारा सभी समिति सचिवों को नैनो यूरिया तथा नैनो डी ए पी के प्रयोग को बढ़ावा देने हेतु कहा गया, उनके द्वारा कहा गया कि अल्मोड़ा जनपद मे कृषि को बढ़ावा देने के लिए सर्वप्रथम हमें नैनो उर्वरको और अन्य सभी तरल उर्वरको को बढ़ावा देना होगा जिससे समिति से जुड़े सभी किसानों को उर्वरक के परिवहन मे तो सुविधा हो ही साथ ही साथ किसानों की भी लागत कम तथा मुनाफा अधिक हो। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम मे अपर जिला सहकारी आधिकारी, सहायक विकास आधिकारी, समिति सचिव मिलाकर लगभग 50 लोगो ने प्रतिभाग किया।

# हिंसा के मास्टरमाइंड अब्दुल मलिक को नहीं मिली जमानत

नैनीताल(उद संवददाता)। हाईकोर्ट ने हल्द्वानी हिंसा के मुख्य साजिशकर्ता अब्दुल मलिक की जमानत याचिका पर सुनवाई के बाद उसे कोई राहत नहीं दी है। गुरूवार को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी एवं न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा की खंडपीठ ने सुनवाई के लिए अगली तारीख 16 दिसंबर तय की है। हाईकोर्ट में मलिक की पैरवी सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता सलमान खुर्शीद ने की। हाईकोर्ट के पूर्व के आदेश पर राज्य सरकार ने मलिक की जमानत याचिका पर आपत्तियां पेश कीं। कहा गया कि वह हिंसा का मुख्य आरोपी और साजिशकर्ता है। उसकी वजह से ही दंगा हुआ और कई लोगों की जान तक चली गई। उस पर एनएसए भी लगा है। अधिवक्ता सलमान खुर्शीद ने खंडपीठ के समक्ष कहा कि घटना वाले दिन याचिकाकर्ता दिल्ली में था। उसे बेवजह फंसाकर दंगा भड़काने और दंगाइयों का साथ देने का आरोपी बनाते हुए झूठा मुकदमा दर्ज किया गया है। कहा, जब यह अपराध किया ही नहीं तो यह झूठा मुकदमा किस आधार पर दर्ज किया गया। इसलिए जमानत दी जाए। अतिक्रमण करने के मामले में उन्हें एकलपीठ से जमानत मिल चुकी है। गौरतलब है कि 8 फरवरी 2024 को हल्द्वानी के बनभूलपुरा इलाके में अतिक्रमण हटाने गई प्रशासन व पुलिस की टीम पर साजिशकर्ता सहित अतिक्रमणकारियों व कई अन्य लोगों ने पथराव, आगजनी और फायरिंग की। हिंसा के दौरान दंगाइयों ने कई गाड़ियों सहित थाने को घेरकर फायरिंग की, जिसमे कई लोगों की मौके पर मौत हो गई और 100 से अधिक लोग घायल हुए। पुलिस की जांच के बाद पुलिस ने 100 से अधिक दंगाइयों को गिरफ्तार किया, इनमें मुख्य आरोपी याचिकाकर्ता अब्दुल मलिक भी शामिल है।

# पंडित राम सुमेर शुक्ल मेमोरियल फाउंडेशन ट्रस्ट ने बांटी पाठ्य सामग्री

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। ग्राम भमरौला और रामनगर के आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों के चेहरों पर मुस्कान बिखेरने के क्रम में पंडित राम सुमेर शुक्ल मेमोरियल फाउंडेशन ट्रस्ट के सदस्यों ने इन केंद्रों पर जाकर 100 से अधिक बच्चों को निशुल्क पाठ्य सामग्री वितरित की। यह पहल स्वर्गीय पंडित राम सुमेर शुक्ल जी की जयंती (28 नवंबर) और पुण्यतिथि (4 दिसंबर) के उपलक्ष्य में आयोजित जयंती सप्ताह के अंतर्गत की गई। ट्रस्ट की सदस्य शशि शुक्ला ने बताया कि महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और तराई के संस्थापक पंडित राम सुमेर शुक्ल जी के आदर्शों पर चलते हुए ट्रस्ट ने बच्चों की शिक्षा को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा, हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चे शिक्षा से वंचित न रहें और उन्हें प्रोत्साहन मिले।ष इस पहल में सक्रिय योगदान देते हुए ट्रस्ट के सदस्य श्रेयांश शुक्ला ने बताया,





ष्आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को पाठ्य सामग्री प्रदान कर हम उनके भविष्य की नींव मजबूत कर रहे हैं। यह प्रयास हर साल जारी रहेगा। ट्रस्ट की सदस्य नेहा शुक्ला ने बच्चों को भविष्य में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने ट्रस्ट का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस पहल से न केवल बच्चों में उत्साह बढ़ा है, बल्कि उनके परिवारों को भी शिक्षा के प्रति प्रेरणा मिली है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों की आंखों में चमक और उनके चेहरों की खुशी ने इस पहल को सार्थक बना दिया। ट्रस्ट ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य और उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प लिया। पंडित राम सुमेर शुक्ल जी की स्मृति में यह अद्भुत कदम न केवल शिक्षा के महत्व को रेखांकित करता है, बल्कि उनके आदर्शों को सजीव रखने का एक प्रेरणादायक प्रयास है। ग्राम रामनगर में आंगनबाड़ी कार्यकत्री मीनाक्षी कुशवाहा, सहायिका फुला, ग्राम भमरौला आंगनबाड़ी कार्यकत्री सविता मिश्रा, सहायिका सोनिया, आंगनबाड़ी सेकंड कार्यकत्रि रिंकू दुबे, सहायिका रानी तिवारी, ट्रस्ट के सदस्य शशि शुक्ला, श्रेयांश शुक्ला, नेहा शुक्ला, अभिषेक तिवारी, शिवम ओझा, करनजोत सिंह, रामू चतुर्वेदी, बिल्लू पांडे, रामकुमार पांडे उपस्थित थे।

# वन और कृषि भूमि से लैन्टाना के उन्मूलन पर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

देहरादून (उद संवाददाता)। वन अनुसंधान संस्थान के वनोपज प्रभाग ने लैन्टाना से पुन:संयोजित लकड़ी और हस्तनिर्मित कागज पर पांच दिवसीय अल्प अवधि प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की गयी, जिसे पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय कैम्पा द्वारा प्रायोजित किया गया है। वनोपज प्रभाग, वन अनुसंधान संस्थान देहरादून की ओर से यह प्रशिक्षण कोशाधु एवं कागज शाखा तथा संग्रथित काष्ठ शाखा, वनोपज प्रभाग में आयोजित किए जा रहे हैं, जिसका उद्देश्य प्रतिभागियों को लैन्टाना जैसी आक्रमक प्रजाति से, पारिस्थितिकीय दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए विभिन्न उत्पादों के विकास पर व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना है। वन सेवा अधिकारी एवं निदेशक वन अनुसंधान संस्थान डॉ. रेनू सिंह ने इस



प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया और वन और कृषि भूमि से लैन्टाना के उन्मूलन में राज्य वन विभागों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने प्रतिभागियों से राज्य विभागों के साथ सहयोग करके अपने सीखे गए ज्ञान को वास्तविक स्तर पर लागू करने और लैन्टाना आधारित उत्पादों को बढ़ावा देने का आह्वान किया। डॉ. रेनू सिंह ने इन नवाचार उत्पादों के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन विपणन रणनीतियों की भी अहमियत पर जोर दिया। भारत भर के विभिन्न गैर सरकारी संगठनों के प्रतिभागी इस कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं, जिनका उद्देश्य स्थिरता से संबंधित प्रथाओं को समझना और उन्हें लागू करना है, जिससे पर्यावरण और स्थानीय समुदायों को लाभ मिल सके।कार्यक्रम में डॉ. डी. पी. खाली, प्रमुख वनोपज प्रभाग, डॉ. पी. के. गुप्ता, प्रभारी अधिकारी, कोशाधु एवं कागज शाखा, डॉ. विकास राणा, डॉ. रंजना, डॉ. शुअंक और वनोपज प्रभाग के अन्य प्रतिष्ठित वैज्ञानिक और तकनीकी कर्मचारियों ने भाग लिया।




## पेज एक का शेष...

**नशे की रोकथाम ..**खुलेआम बेची व खरीदी जा रही है जिसकी जानकारी होने के बाद भी पुलिस द्वारा या तो उन लोगो पर कार्यवाही नही की जाती है या फिर उन लोगो को खानापूर्ति करके छोड़ दिया जाता है। क्षेत्र की युवा पीढ़ी नशे की दलदल में इस कदर फंस चुकी है कि उनको अब इस दलदल से निकाल पाना बहुत मुश्किल दिखाई पड़ रहा है अगर प्रशासन द्वारा अवैध नशे के कारोबारियों पर रोक नही लगाई गई तो आने वाले समय मे क्षेत्र की स्थिति और भी गंभीर हो सकती है। विधायक पांडेय द्वारा कहा गया है कि वह सिर्फ पैदल यात्रा तक ही नही रुकेंगे नशे की रोकथाम के लिए वह आरपार की लड़ाई लड़ने को तैयार हैं,अगर प्रशासन अवैध नशे की सामग्री बेचने वाले कारोबारियों पर अंकुश नही लगता है तो आगे की रणनीति बनाई जाएगी। इस दौरान पूर्व सांसद बलराज पासी, समाजसेवी लवली हुड़िया, राजीव पपनेजा, राकेश भुड्डी, राजेश गुंबर, सुभाष गुंबर ,अतुल पांडेय, अभिषेक गुम्बर, मुनि भुसरी, संतोष गुप्ता, संजय प्रधान, सुरजीत सिंह, पंकज सेतिया, अनिल जेटली, सूरजभान गुप्ता ,सुरेश प्रजापति, मोहकम सिंह चौहान, अशोक हुड़िया,आकाश अरोरा, गुलशन शर्मा, पूर्व पालिकाध्यक्ष अंजू भुड्डी, पूनम ग्रोवर, रेनू बिष्ट, आंगनबाड़ी से आनंदी देवी, आसमा, उषा रानी ,बलविंदर कौर ,गुरजीत कौर, शारदा, सुनीता ध्यानी, विमला,रेखा, गीता सक्सेना, प्रेमलता, सुनीता ध्यानी ,आसमा, राधा, प्रीति ,आशा, रमा, सुमन, ढोंडियाल, हरभजन कौर, सीमा, मुस्कान, कोमल, सोमा,अंजलि, नूपुर, शहनाज, सीमा सहित सैकड़ो की संख्या में महिला एवं पुरुष कार्यकर्ता शामिल रहे।

**तीन दिन से ..**के नीचे फंसे शव को बाहर निकाल कर मामले की जांच शुरू कर दी है । वही मामले में जानकारी देते हुए कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि ग्राम ढेला बैराज निवासी 22 वर्षीय पप्पू जो की मानसिक रूप से कमजोर था तथा तीन दिन से घर से लापता था। उन्होंने बताया कि आज सुबह पप्पू का शव ढेला बैराज के समीप शिवनाथपुर पुरानी बस्ती के पास एक पुलिया के नीचे फंसा हुआ बरामद हुआ है । उन्होंने बताया कि शव पोस्टमार्टम कराने की कार्रवाई की जा रही है । पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा । इसके बाद वैधानिक कार्रवाई की जाएगी फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

**भारतीय बजरंग दल...**नगर अध्यक्ष सचिन बटला के नेतृत्व में बड़ी संख्या में हजारीलाल पेट्रोल पंप पर एकत्र हुए तथा मुख्य बाजार में बांग्लादेश की सरकार की हिन्दू विरोधी नीतियों के विरूद्ध प्रदर्शन किया। प्रदेश अध्यक्ष डॉ आर के महाजन ने भारत सरकार से बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर होने वाले अत्याचारों , हमलों व हिंसा के विरोध में बांग्लादेश के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की। उन्होंने बताया कि बंगलादेश में हिंदुओं की जनसंख्या लगातार कम हो रही हे इसीलिए उन पर अत्याचार भी बढ़ रहा हे। अभी हाल ही में इस्कॉन के पुजारी चिन्मयानंद कृष्णदास को भी वहां की सरकार ने गिरफ्तार कर हिंदुओं का मनोबल तोड़ने का प्रयास भी किया हे। भारतीय बजरंग दल इस कार्यवाही की कड़ी निंदा करता है।जिलाध्यक्ष डॉ पुष्पेंद्र कश्यप ने भी केंद्र सरकार को बांग्लादेश में रहने वाले हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कड़े कदम उठाने को कहा जैसे इजरायल अपने देशवासियों की सुरक्षा करता हे ठीक वैसे ही निर्णय लेने का अनुरोध किया। इस अवसर पर डॉ आर के महाजन, डॉ पुष्पेंद्र कश्यप,सचिन बटला,शिवशंकर चावला,विक्रम सैनी,सुभाष वाधवा,मनोज रल्हन,पंकज शर्मा,सोनू मल्लाह,अमित ढींगरा,हिमेश सांवरिया,सागर कश्यप,राजकुमार नैय्यर,गोपाल सिंह,अजय रावत सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**मांगों को लेकर...**श्रमिकों को न्यूनतम वेतन देने, वर्कर्स के लिए रेट कार्ड निर्धारित करने, मेप गारंटी करने, दुर्घटना सुरक्षा व केन्द्रीय कानून बनाने, सभी प्लेटफार्म काम कर रहे वर्कर्स को कर्मचारी का दर्जा देने, सभी श्रमिकों के लिए त्रिपक्षीय बोर्ड का गठन करने की मांग शामिल है। इस दौरान महानगर अध्यक्ष सूरज कश्यप सुरेंद्र कुमार, उमेश, कुमार रविन्द्र, सुंदर सिंह, साहनी, अजीत मंडल, रवींद्र बिष्ट, अर्जुन , रमेश बिष्ट रामसिंह, खेमकर आदि मौजूद थे।

**अधिकृत ढाबों पर ...**कि कई ड्राइवर–कंडक्टर बसों का ठहराव अवैध ढाबों या रेस्टोरेंट पर कर रहे हैं, जिससे यात्रियों से खाने के मनमाने दाम वसूले जा रहे हैं। निगम की छवि धूमिल हो रही है। स्पष्ट किया कि अग्रिम आदेशों या नए ढाबे अधिकृत करने तक पूर्व के अधिकृत ढाबों पर ही रोडवेज बसों का ठहराव सुनिश्चित किया जाए। अन्यथा कार्रवाई होगी।

**भाजपा कार्यकर्ताओ ने ...**अध्यक्ष नवल वाल्मीकि , सिद्ध गुप्ता, रोहित गुप्ता प्रदीप गुप्ता हाफिजुर रहमान, मोनिश अंसारी , सरदार अमरजीत सिंह आदि उपस्थित रहे। भारतीय जनता पार्टी के नगर महामंडल महामंत्री मनोज वाधवा ने कहा कि पिछले कई वर्षों से रेलवे की लापरवाही की वजह से फाटक के दोनों और जाम लगता है जिसका निराकरण कराया जाना जरूरी है।

**ब्रेक फेल होने से ..**जबकि मृतक की पहचान कुंदन पुत्र रामनाथ निवासी रुड़की हरिद्वार उम्र 45 के रूप में हुई है। देवप्रयाग एसओ महिपाल रावत के मुताबिक हादसे का कारण प्राथमिक तौर पर ब्रेक फेल होना लग रहा है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

## निकाय चुनाव में भारी पड़ेगी 'नियमों की नाफरमानी'

# उम्मीदवार नहीं लड़ पाएगा कोई चुनाव

### राज्य निर्वाचन आयोग ने व्यय सीमा बढ़ाने के साथ ही बनाए सख्त नियम,चुनाव खर्च का विवरण मय प्रमाण के न देने पर लगेगा तीन साल का प्रतिबंध,नोटिस के बाद खर्च विवरणी ना प्रस्तुत करने वाले प्रत्याशियों के विरुद्ध होगी कार्यवाही

– अर्श –

देहरादून। यद्यपि उत्तराखंड में नगर निकाय चुनाव कराए जाने की कोई निश्चित तारीख अभी तक निकल कर सामने नहीं आई है, तथापि शहरी विकास विभाग एवं निर्वाचन आयोग की सक्रियता के दृष्टिगत आगामी दिसंबर माह में राज्य के नगर निकाय चुनाव कराए जाने के कयास राजनीतिक हलकों में लगाए जा रहे हैं। जानकार सूत्रों के अनुसार नगर निकाय चुनावों के लिए कुछ प्रक्रियाओं को अंतिम रूप देना अभी बाकी हैं। इनमें सबसे अहम है अध्यादेश पर फैसला। खबर है कि उत्तराखंड शासन ने नगर निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण लागू करने संबंधी अध्यादेश राजभवन को भेजा है और राजभवन इस अध्यादेश पर इसी सप्ताह अपनी सहमति दे सकता है। अध्यादेश को मंजूरी मिलने के बाद ओबीसी आरक्षण की नियमावली पर निर्णय होगा। इस हेतु नियमावली मुख्यमंत्री के अनुमोदन के लिए प्रस्तुत की जाएगी। मुख्यमंत्री के अनुमोदन के पश्चात जिलाधिकारियों के स्तर पर आरक्षण लागू करने की कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। तत्पश्चात निर्वाचन आयोग निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी करेगा देना । निकाय चुनाव संपन्न कराए जाने की तैयारियों के क्रम में राज्य निर्वाचन आयोग ने निकाय चुनाव में प्रत्याशियों द्वारा किए जाने वाले व्यय की सीमा बढ़ाने के साथ-साथ प्रत्याशियों के लिए व्यय विवरणी प्रस्तुत करने संबंधी बेहद सख्त नियम भी तय कर दिए हैं । इन नियमों की नाफरमानी प्रत्याशियों को भारी पड़ सकती है । चाहे सभासद




प्रत्याशी हो या नगर निगम मेयर अथवा पार्षद प्रत्याशी, चुनावी खर्च का ब्योरा सभी को अनिवार्य रूप से मय प्रमाण के निर्वाचन आयोग द्वारा विहित प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करना होगा। प्रमाण के साथ व्यय विवरणी न देने पर आयोग उम्मीदवारों पर तीन साल का प्रतिबंध लगा देगा। इसके बाद प्रत्याशी निर्दिष्ट अवधि तक निकाय चुनाव के साथ-साथ अन्य कोई चुनाव भी नहीं लड़ पाएंगे। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधि कतम निर्वाचन व्यय और उसके लेखा परीक्षक आदेश 2024 में स्पष्ट प्रावधान किया गया है कि हर उम्मीदवार की ओर से जमा चुनावी खर्च के लेखों का निरीक्षण करने के बाद ,जिला निर्वाचन अधिकारी ये देखेंगे कि सभी दस्तावेज सही हैं या नहीं।अगर नहीं तो उसकी जानकारी राज्य निर्वाचन आयोग को भेजनी होगी। जिसकी कॉपी नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा करनी होगी। आयोग ऐसे उम्मीदवारों को कारण बताओ नोटिस जारी करके 20 दिन के भीतर जवाब मांगेगा। इसके बाद भी खर्च का सही ब्योरा न दिया गया ,तो आयोग उस प्रत्याशी के चुनाव लड़ने पर तीन साल का प्रतिबंध लगा देगा।आयोग ने ये भी स्पष्ट कर दिया है कि जो भी प्रत्याशी नगर निगम, पालिका या नगर पंचायत के किसी भी पद पर चुनाव लड़ेगा, उसे चुनाव नतीजे आने के 30 दिन के भीतर जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष खर्च का पूरा ब्योरा पेश करना होगा। ब्योरे की सत्यापित प्रति शपथ पत्र के साथ देनी होगी।।रिटर्निंग अफसर की ये जिम्मेदारी होगी कि वे प्रत्याशी या राजनीतिक दलों की बैठक, सभा की अनुमति दें। वह चुनाव के दौरान कम से कम तीन बार बुलाकर प्रत्याशी के खर्च का मिलान करेंगे। अगर प्रत्याशी ब्यौरे का निरीक्षण नहीं कराएगा तो उसे कारण बताओ नोटिस जारी होगा। ब्योरा फिर भी न आया तो उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा-177 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## दरोगा,डेलीवेज कर्मी समेत ग्रामीणों को घायल करने वाले युवक पर केस

### मानसिक बीमार युवक के खिलाफ ग्रामीणों की शिकायत पर केस दर्ज

दिनेशपुर (उद संवाददाता)। मानसिक रूप से बीमार युवक के द्वारा एक दरोगा व डेलीवेस कर्मी समेत ग्रामीणों पर पाटल से हमला करने के मामले में दिनेशपुर पुलिस ने ग्रामीणों की तहरीर पर युवक के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गए है। बताया जा रहा है कि थाने के डेलीबेस कर्मी समेत अन्य ग्रामीण अभी भी घायल है। बताते चले कि अमृत नगर नंबर 2 निवासी तपन गाईन बीते कुछ दिनों से मानसिक रूप से बीमार चल रहे हैं। उसके माता-पिता काम के लिए काशीपुर गए हुए थे। बीते रविवार देर शाम को करीब 8:30 बजे ग्राम प्रधान राजीव कुमार विश्वास ने पुलिस को सूचना देकर गांव के एक मानसिक रूप से बीमार युवक के द्वारा पाटल से गांव वाले के ऊपर हमला करने की बात कही थी। उस दौरान मानसिक रूप से चल रहे बीमार युवक के घर दिनेशपुर थाने के एसआई संतोष उप्रेती के नेतृत्व में पुलिस टीम पहुंची थी। जैसे ही दरबाजा तोड़कर टीम अंदर प्रवेश करने की कोशिश की तब तक बीमार युवक ने आपा खोते हुए पाटल से दोनो हाथो से टीम तथा ग्रामीणों पर हमला बोल दिया। और दरोगा संतोष उप्रेती अपने सूझबूझ का परिचय देते हुए मानसिक बीमार युवक से बचा लिया। लेकिन उनके गर्म कपड़े के उपर से हलका सा पाटल लगा और बाल बाल बच गए। उस दौरान डेलीबेज कर्मी विनोद तथा सपन विश्वास और मनीष समेत अन्य ग्रामीण घायल हो गए थे। जिस पर पुलिस ने सपन विश्वास के चाचा सुरंजन विश्वास की तहरीर पर मानसिक बीमार तपन गाईन पुत्र कन्हई गाईन के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। ग्राम प्रधान राजीव विश्वास ने बताया मानसिक बीमार युवक को घर लाया गया। उसके माता पिता की पहरेदारी में युवक को घर से निकलने नही दिया जा रहा है।

## जिला स्तरीय खेल महाकुम्भ में रुद्रपुर बना ऑलओवर चैम्पियन

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला स्तरीय खेल महाकुंभ का गत दिवस रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ सम्मान हुआ। खेल महाकुम्भ में रुद्रपुर विकास खंड के बालक एवं बालिका दोनों ही शखिलाड़ियों ने चौंपियनशिप हासिल की। बालक वर्ग में 466 प्वाइंट और बालिका वर्ग ने 354 प्वाइंट के साथ ट्राफी पर कब्जा कर लिया।मुख्य अतिथि ने विजेता और उप – विजेताओं को ट्राफी देकर सम्मानित किया। खेल, शिक्षा और युवा कल्याण विभाग की ओर से मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में 17 नवंबर से चल रही जिला स्तरीय खेल महाकुंभ का गत दिवस भव्य समापन हुआ। अंतिम दिन सभी आयु वर्ग के लिए मुर्गाझपट. खेल का आयोजन कराया गया। 25-30 किग्रा भार वर्ग में राज बाजपुर ने प्रथम, राघव काशीपुर द्वितीय, 30-35 किग्रा भार वर्ग में आदर्श खटीमा प्रथम, अंश काशीपुर द्वितीय, प्रिंस बाजपुर तृतीय, 45 किग्रा में रोहित सिंह गदरपुर प्रथम, अंडर-14 बालिका वर्ग 30 किग्रा में अंकिता कांडपाल खटीमा प्रथम, 35किग्रा में अंशिका चौहान काशीपुर प्रथम, नैना चौधरी खटीमा द्वितीय, नवजोत बाजपुर तृतीय, 40 किग्रा में अक्शा बाजपुर प्रथम, कमलजीत गदरपुर द्वितीय, अनान्या खटीमा तृतीय, 45 किग्रा में लक्ष्या काशीपुर प्रथम, प्राची खटीमा द्वितीय, नैना बाजपुर तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि ओसी कलक्ट्रेट गौरव पांडेय रहे। मंच का संचालन हरीश दनाई ने किया। जिला युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल बीएस रावत व मुख्य अतिथि ने सभी विजेताओं की मेडल पहनाकर व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय पैरा खिलाड़ी मनोज सरकार, पोखर सिंह टाकुली, नीरजा देवी, सरस्वती पाल, ममता कोहली, रेनू कुंवर, यश यादव, पुष्पा रावत, अर्चना लुहानी, सुरेश आर्या, राजेंद्र लाल वर्मा, पूजा रौतेला आदि मौजूद रहे। निर्णायक की भूमिका लक्ष्मण सिंह टाकुली, राजेन्द्र सिंह भाकुनी, दिनेश कुमार सिंह, कमल सक्सेना, सुधा जोशी, विदम्बर जोशी व अशोक चौहान आदि ने निभाई।

## जहर से जिंदगी तक शॉर्ट फिल्म रिलीज

रामनगर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड सरकार द्वारा देवभूमि उत्तराखंड को वर्ष 2025 तक नशा मुक्त करने का संकल्प लिया गया जिसको लेकर लगातार सरकार और पुलिस प्रशासन इस पर रोक लगाने के लिए काम कर रहे हैं तो वहीं अगर बात करें रामनगर की तो रामनगर में नशा एक अभिशाप के रूप में जहर बनाकर युवाओं को इसमें ध केलना का काम कर रहा है । नशे से होने वाले नुकसान को लेकर तथा इसे रोकने के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए ग्राम हिम्मतपुर ब्लॉक पीरुमदारा स्थित ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल द्वारा गुरुवार को आयोजित एक कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा बनाई गई जहर से




जिंदगी तक शॉर्ट फिल्म रिलीज की गई । जिसका शुभारंभ कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने करते हुए स्कूल प्रशासन की जमकर प्रशंसा करने के साथ ही इस फिल्म में विभिन्न भूमिकाएं निभाने वाले सभी स्कूली बच्चों को भी बधाई दी। स्कूल के प्रबंध निदेशक प्रसून श्रीवास्तव ने बताया कि फिल्म के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का काम किया गया है कि नशा समाज में एक अभिशाप है तथा इससे हम कैसे बचें और नशे का सेवन करने से क्या परिणाम इंसान की जिंदगी में हो सकते हैं । उन्होंने कहा कि फिल्म के माध्यम से युवाओं को जहां एक और नशे से दूर रहने की अपील की गई है तो वहीं लोगों को भी जागरूक करने का काम किया गया है । उन्होंने कहा कि स्कूल द्वारा समाज में जागरूकता को लेकर इस प्रकार के कार्यक्रम आगे भी आयोजित कियाजाएंगे।

## ट्रेन की चपेट में आकर हाथी की मौत

कोटद्वार। कोटद्वार से आनंद विहार टर्मिनल के लिए चली एक्सप्रेस ट्रेन की टक्कर से वयस्क हाथी की मौत हो गई। बुधवार देर रात की घटना के बाद बृहस्पतिवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद हाथी का शव दफना दिया गया। एक वर्ष पहले भी इसी ट्रेन की टक्कर से हाथी की मौत हो चुकी है। बुधवार रात 10 बजे एक्सप्रेस ट्रेन कोटद्वार से रवाना हुई। सनेह रोड हाल्ट स्टेशन से रात 10:20 बजे ट्रेन नजीबाबाद की ओर बढ़ी, तो ट्रैक के किनारे चंदनपुरा नई बस्ती क्षेत्र में अचानक हाथी ट्रैक पर आ गया। उस समय ट्रेन पूरी रफ्तार पर थी। तेज टक्कर लगने से हाथी ट्रैक से बाहर बाईं ओर गिरा। इससे ट्रेन तो पटरी से उतरने से बच गई, लेकिन हाथी की मौत हो गई। ट्रेन रोककर चालक व गार्ड ने सूचना कोटद्वार एवं नजीबाबाद रेलवे स्टेशन को दी। रेलवे अधिकारियों ने मुरादाबाद कंट्रोल और वन विभाग के अधिकारियों को सूचित किया। देर रात बिजनौर वन प्रभाग नजीबाबाद की डीएफओ वंदना फोगाट, यूपी की कौड़िया रेंज के वन क्षेत्राधिकारी सचिन शर्मा आदि मौके पर पहुंचे। वयस्क हाथी की उम्र करीब 20 वर्ष बताई गई है। बृहस्पतिवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद हाथी का शव घटनास्थल के पास ही जेसीबी से गड्ढा कर दफना दिया गया। इस दौरान रेलवे और वन विभाग के अधिकारी एवं काफी ग्रामीण मौजूद रहे।

